माघ माह , कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 17 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 09 फरवरी 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# यूपी: खुला वादों का पिटारा

## भाजपा के संकल्प पत्र में विपक्ष के वादे, कांग्रेस की स्कूटी, रोजगार से लेकर सपा की बिजली तक इसमें शामिल, भाजपा का संकल्प पत्र: लव जेहाद मामले में 10 साल की सजा और एक लाख जुर्माना

नई दिल्ली/लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के चाणक्य और गृहमंत्री अमित शाह ने यूपी चुनाव के लिए भाजपा का 'संकल्प पत्र 2022' जारी कर दिया। इस संकल्प पत्र में विपक्ष के कई मुद्दों को शामिल किया गया है। इसमें कांग्रेस की स्कूटी स्कीम से लेकर समाजवादी पार्टी की किसानों को मुफ्त बिजली का वादा तक शामिल है। भाजपा ने ऐसे कई चुनावी वादे कर दिए हैं, जिनको लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस वोट मांगने में जुटी थी। समाजवादी पार्टी ने सभी फसलों पर एमएसपी देने का वादा किया था। भाजपा ने भी इसे अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल कर लिया है। समाजवादी पार्टी ने गन्ना किसानों को 15 दिन के अंदर भुगतान करने की बात कही थी। भाजपा ने कहा कि 14 दिन के अंदर गन्ना किसानों का भुगतान कराया जाएगा। देरी होने पर चीनी मील की तरफ से किसानों को ब्याज सहित भुगतान किया जाएगा। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का वादा किया था। भाजपा ने भी इसे अपने




### युवाओं से जुड़े वादों पर क्या हुआ?

- कांग्रेस ने 20 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया है। सपा ने सभी सरकारी पदों को भरने का वादा किया है। भाजपा ने कहा कि हर परिवार में कम से कम एक एक को रोजगार या फिर स्वरोजगार का अवसर देंगे। इसके अलावा सभी सरकारी रिक्तियों को भरा जाएगा
- सपा और कांग्रेस ने युवाओं को टैबलेट और लैपटॉप देने का वादा किया है। भाजपा ने पिछली बार भी युवाओं को टैबलेट और लैपटॉप दिया था और इस बार भी अपने वादे को शामिल किया
- कांग्रेस ने प्रतियोगी छात्रों से फॉर्म की फीस न लेने का वादा किया है। भाजपा ने प्रतियोगी छात्रों को मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था कराने का वादा किया
- सपा ने हर जिले में खेल सुविधाओं को बढ़ाने का वादा किया है। भाजपा ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में जिम व खेल मैदान खोलने का वादा किया
- भाजपा ने एमबीबीएस की सीटों को दोगुना करने का वादा किया भाजपा ने छह हजार डॉक्टर और 10 हजार पैरा मेडिकल स्टाफ की भर्ति करने का एलान किया है।

### महिलाओं से जुड़े वादों पर क्या हुआ?

- कांग्रेस ने कॉलेज जाने वाली छात्राओं को मुफ्त स्कूटी देने का वादा किया था। भाजपा ने भी इसे अपने संकल्प पत्र में शामिल कर लिया है
- समाजवादी पार्टी ने वृद्धा और विधवा पेंशन को तीन गुना बढ़ाने का वादा किया है। भाजपा ने हर विधवा और निराश्रित महिला को 1500 रुपये प्रति माह का पेंशन देने का वादा किया
- कांग्रेस ने हर साल तीन गैस सिलेंडर महिलाओं को मुफ्त देने का वादा किया है। भाजपा ने होली और दीपावली में दो गैस सिलेंडर मुफ्त देने का एलान किया
- कांग्रेस ने पुलिस में महिलाओं की भर्ती बढ़ाने का वादा किया है। भाजपा ने तीन नई महिला बटालियन शुरू करने का एलान किया। इसके अलावा तीन हजार पिंक पुलिस बूथ बनाने का भी एलान किया

# अखिलेश ने जारी किया वचन पत्र

लखनऊ

समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को यूपी चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी करते हुए महिलाओं को सरकारी नौकरी में 33 फीसदी आरक्षण देने के साथ ही 12वीं पास विद्यार्थियों को लैपटॉप देने का वादा किया है। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने की घोषणा की। अखिलेश यादव ने कहा कि अगर सपा की सरकार बनती है तो समाजवादी पेंशन के तहत महिलाओं, वृद्धों और दिव्यांगों को सालाना 18 हजार रुपए पेंशन दी जाएगी। गांवों और शहरों को सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी देकर सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। 12वीं पास सभी छात्रों को लैपटॉप देने की घोषणा की गई है। लड़कियों को केजी से लेकर पीजी यानी परास्नातक तक की शिक्षा मुफ्त दी जाएगी। 2027 तक शत-प्रतिशत शिक्षित राज्य बनाने का भी वादा किया गया है। साथ ही अखिलेश यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग से विकलांग को वोट दिलाने के मामले में शिकायत की गई है। आरोपी जिलाधिकारी को हटाया नहीं गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा बेईमानी करेगी और हम चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे। उम्मीद है कि चुनाव आयोग कार्रवाई करेगा।

### फिर शुरू होगी फ्री लैपटॉप योजना



- 2 करोड़ युवा और 12वीं पास लड़कों को लैपटॉप
- बीपीएल परिवारों को साल में 2 फ्री गैस सिलेंडर
- एक साल के अंदर सभी गांवों में सीसीटीवी कैमरा
- टू-व्हीलर चालकों को एक लीटर फ्री पेट्रोल
- किसानों को पूरी बिजली फ्री देंगे
- 15 दिन बकाया गन्ने का भुगतान
- शहरों और गांवों में फ्री वाई-फाई जोन बनाए जाएंगे
- शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ाएंगे, 3 साल के भीतर नियमित किया जाएगा

### सपा के घोषणा पत्र के प्रमुख वादे

- सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा
- जनता को 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी
- 12वीं पास विद्यार्थियों को लैपटॉप का वितरण करेंगे
- छोटे कारीगरों को हर साल 18 हजार रुपये की मदद करेंगे
- किसानों के एक साल तक चले आंदोलन के शहीदों के परिजनों को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी
- कामधेनु योजना फिर से शुरू की जाएगी
- 2027 तक यूपी को 100 फीसदी साक्षर राज्य बनाएंगे
- गन्ना किसानों को 15 दिन में भुगतान देंगे
- शहीद किसानों के नाम स्मारक बनवाया जाएगा

# अगर कांग्रेस न होती तो ....

## कांग्रेस पार्टी नहीं होती तो स्वदेशी को महत्व मिलता, आपातकाल का कलंक नहीं लगता

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज लोकतंत्र को सबसे बड़ा खतरा परिवारवादी पार्टियों से है और इसका सबसे ज्यादा खामियाजा योग्यता को उठाना पड़ता है। उन्होंने आग्रह किया कि देश की सभी दलों को अपने भीतर लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाना चाहिए और देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को आगे आकर इसकी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश में लोकतंत्र किसी की मेहरबानी से नहीं है बल्कि यह देश लोकतंत्र का जनक है। कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर यह पार्टी न होती तो देश कुछ ओर होता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं होती तो स्वदेशी को महत्व मिलता, आपातकाल का कलंक नहीं लगता, जातिवाद और क्षेत्रवाद नहीं होता, सिखों का नरसंहार नहीं होता, पंजाब में आतंकवाद नहीं होता, कश्मीरी पंडितों का पलायन नहीं होता और बेटियों को तंदूर में न जलाया जाता। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस न होती तो देश के आम नागरिकों को इतने सालों तक मूल सुविधायों से वंचित न रहना पड़ता।

- कांग्रेस करतारपुर को भारत में न रख सकी, हमने रास्ता खोला
- कांग्रेस ने किसानों को कैंसर दिया, हम इनकम बढ़ाएंगे
- वन डिस्ट्रिक्ट- वन प्रोडक्ट के तहत औद्योगिक विकास करेंगे



# पंजाब को नशे के कारोबार से मुक्ति दिलायेगा भाजपा गठबंधन: मोदी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राजग गठबंधन का लक्ष्य नवां पंजाब बनाना है और सरकार में आने के बाद राज्य से नशे की समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने पंजाब की महिलाओं को आश्वासन दिया कि सत्ता में आने पर राजग गठबंधन राज्य को सीमा पार से हो रहे नशे के कारोबार से मुक्त करेगा। अगर महिलाएं अपने परिवार के युवाओं को नशे से दूर रखना चाहती हैं तो उनकी पार्टी के गठबंधन को वोट करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से पंजाब के फतेहगढ़ साहिब और लुधियाना के मतदाताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने साथियों के साथ पंजाब के लिए विकास और विश्वास का नया और पुख्ता रोडमैप लेकर आई है।



# पीएम ने देश की समृद्धि, सशक्तिकरण की चर्चा की: नड्डा

नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन की प्रशंसा करते हुए मगंलवार को कहा कि उन्होंने देश की समृद्धि, सशक्तिकरण और सबको साथ लेकर चलने की भारत की नीति की चर्चा की है। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वीडियो ट्वीट कर नड्डा ने कहा कि मोदी ने अगले 25 वर्षों में देश के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सभी से योगदान की अपील की।

# '15 साल से कम उम्र के बच्चों के टीकाकरण पर विशेषज्ञ लेंगे फैसले'

नई दिल्ली

**देश** भर के कई राज्यों में स्कूल खुलने के साथ ही 15 साल से कम उम्र के बच्चों की सुरक्षा पर चिंता जाहिर करते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि केन्द्र सरकार विशेषज्ञ समूह के सुझावों के आधार पर इस समूह के बच्चों का टीकाकरण करने का फैसला लेगी। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ समूह नियमित रूप से बैठक करता है और सुझाव देता है, जिसके आधार पर सरकार कार्रवाई करती है। मंगलवार को राज्य सभा में एक प्रश्न का जवाब देते हुए डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि सरकार ने सुझाव देने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया है कि किस आयु वर्ग को पहले कोरोना वैक्सीन दी जाए और उसके अनुसार 15-18 आयु वर्ग के लिए टीकाकरण चल रहा है। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में 15-18 वर्ष के आयु वर्ग में अब तक लगभग 67 प्रतिशत टीकाकरण किया जा चुका है। कोरोना वैक्सीन की प्रभावशीलता पर भाजपा सदस्य टीजी वेंकटेश के एक अन्य प्रश्न के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि टीकाकरण से मृत्यु दर और अस्पताल में भर्ती होने की दर में कमी देखी गई है। भारत में 97.5 प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को कोरोना रोधी टीके की पहली खुराक और 77 प्रतिशत लोगों ने दूसरी खुराक प्राप्त कर ली है। मंडाविया ने कहा कि भारत टीकाकरण के कारण कोरोना महामारी की तीसरी लहर से निपटने में सक्षम हुआ है। आईसीएमआर के एक अध्ययन के मुताबिक जिन लोगों को कोरोना संक्रमण हुआ था।

# कर्नाटक में हिजाब पर हंगामा

## राज्य सरकार ने 3 दिन के लिए स्कूल-कॉलेज बंद किए, संविधान ही हमारे लिए भगवद्-गीता: हाईकोर्ट

बेंगलुरु

कर्नाटक में हिजाब को लेकर चल रहे विवाद के बीच राज्य सरकार ने अगले तीन दिन के लिए स्कूल-कॉलेजों को बंद करने का निर्देश दिया है। राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने अपने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। इससे पहले कर्नाटक हाईकोर्ट में मंगलवार को हिजाब मामले में मुस्लिम छात्राओं की 4 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। जस्टिस कृष्णा दीक्षित ने कहा कि हम कारणों और कानून के मुताबिक चलेंगे। किसी के जुनून या भावनाओं से नहीं। जो संविधान कहेगा, हम वही करेंगे। संविधान ही हमारे लिए भगवद्-गीता है। कोर्ट बुधवार को एक बार फिर ढाई बजे मामले पर सुनवाई करेगी। उन्होंने कहा कि एक मामले में जो भी फैसला होगा, वह सभी याचिकाओं पर लागू होगा। वकील देवेंद्र कामत ने मुस्लिम छात्राओं की ओर से कोर्ट में पक्ष रखा। वहीं राज्य के एडवोकेट जनरल ने सरकार की ओर से सुनवाई में हिस्सा लिया।




**कोर्ट ने मंगवाई कुरान की प्रति:** कर्नाटक हाईकोर्ट की बेंच ने मामले की सुनवाई की शुरूआत में पहले ही पॉइंट की पुष्टि के लिए पवित्र कुरान की एक प्रति मांगी। जस्टिस दीक्षित ने पूछा कि यह कुरान की प्रामाणिक प्रति है, इस पर तो कोई विवाद नहीं। कुरान की कॉपी बैंगलोर के शांतिप्रकाश पब्लिशर्स ने प्रकाशित की है। एडवोकेट जनरल ने कहा कि कुरान के कई अनुवाद हैं। जस्टिस दीक्षित ने एडवोकेट देवदत्त कामत से पूछा कि मुझे किस सूरा को देखना चाहिए। तब उन्होंने कहा कि याचिका के पेज 9 पर मैंने इसे लिखा है। पवित्र कुरान की आयत 24.31 और आयत 24.33 सिर पर दुपट्टा या सिर पर घूंघट को आवश्यक धार्मिक कार्य बताती है। कामत ने कहा कि एक सोर्स कुरान.कॉम से है और इसे प्रामाणिक कुरान कहा जाता है।

# अरुणाचल में जवानों की हिम समाधि

## कामेंग सेक्टर में 7 जवानों के शव बरामद, दो दिन पहले बर्फीले तूफान की चपेट में आए थे

ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश में रविवार को एवलॉन्च के बाद लापता हुए सेना के 7 जवानों के शव बरामद हुए हैं। सेना के मुताबिक वे पिछले दो दिन से बर्फ में फंसे थे। भारतीय सेना की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि केमांग सेक्टर के हाई एल्टिट्यूड वाले क्षेत्र में एवलॉन्च में फंसे सेना के सातों जवानों की मौत हो गई है। सभी जवानों के शव एवलॉन्च वाली जगह से बरामद किए गए हैं। इससे पहले सेना ने सोमवार को आधिकारिक तौर पर घटना की पुष्टि करते हुए बताया था कि अरुणाचल में सेना की एक पेट्रोलिंग टीम एवलॉन्च की चपेट में आ गई है। जिसके बाद से सेना का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए सेना ने बताया था कि इन तमाम जवानों के रेस्क्यू के लिए एक स्पेशल टीम को एयरलिफ्ट कर मौके पर पहुंचाया गया था। हालांकि दो दिन के ऑपरेशन के बाद भी किसी भी जवान को बचाया नहीं जा सका।



**हिमस्खलन से पहले भी हुए हैं हादसे:** भारतीय सेना के अधिकारियों का कहना है कि सर्दियों के महीनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गश्त करना मुश्किल होता है, जिसके चलते पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं और हम अपने कई जवानों को खो चुके हैं। मई 2020 में सिक्किम में हिमस्खलन की चपेट में आने से सेना के दो जवान शहीद हो गए थे।

**2019 में हिमस्खलन ने ली 17 जवानों की जान:** इसके अलावा अक्टूबर 2021 में उत्तराखंड में माउंट त्रिशूल पर एक हिमस्खलन में नौसेना के 5 जवानों की मौत हो गई थी। वहीं केंद्र ने भी संसद में कई बार इस बारे में जानकारी दी है। फरवरी 2020 में केंद्र ने संसद में बताया कि 2019 में सियाचिन ग्लेशियर में हिमस्खलन के कारण सेना के 6 जवानों की मौत हो गई थी।

# अब एलएसी में तैनात होगी के-9 वज्र तोप

नई दिल्ली

**भारतीय** सेना अब चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के मध्य और पूर्वी क्षेत्रों में ऊंचाई वाले पहाड़ों पर के-9 वज्र तोप तैनात करने की योजना बना रही है। सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने मंगलवार को हैदराबाद में द्विवार्षिक आर्टिलरी सम्मेलन के दौरान वरिष्ठ गनर अधिकारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने 'इन स्ट्राइड विद द फ्यूचर' में खुद को ताकतवर बनाने के लिए रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी के ठोस प्रयासों को सराहा। भारतीय सेना उत्तराखंड और चीन के साथ सीमा साझा करने वाले देश के पूर्वोत्तर राज्यों में स्वदेशी के-9 वज्र हॉवित्जर तैनात करने की योजना बना रही है। भारतीय सेना दुर्गम पर्वतीय इलाकों में तैनात करने के लिए 200 के-9 वज्र हॉवित्जर तोपों का ऑर्डर देने की तैयारी कर रही है। फिलहाल इन स्वदेशी तोपों की एक रेजिमेंट यानी 20 तोपें 12 से 16 हजार फीट ऊंचे पहाड़ी इलाकों में चीन के खिलाफ तैनात हैं। 38 किलोमीटर दूर तक मारक क्षमता वाली यह के-9 वज्र तोप 15 सेकंड में 3 गोले दाग सकती है।



## खबर संक्षेप



### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुक्रवार से

**सहसों।** सहसों बाजार में भगवत प्रेमी श्री हरीराम सिंह तथा श्रीमती संतरा देवी के संयोजन में 11 फरवरी शुक्रवार से श्री वृंदावन बिहारी लाल की कृपा से श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के उपरांत कथा व्यास आचार्य श्री गौरव जी महाराज भागवत भूषण धमार्चार्य प्रयागराज के मुखारविंद अमृतमयी वाणी से संगीतमय कथा का रसपान प्रतिदिन सायंकाल 3 बजे से 7 बजे तक कराया जाएगा। कथा सप्ताह के पश्चात 19 फरवरी शनिवार को पूणार्हुति हवन एवं महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी कथा व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह ने दी।

# मैहर जा रहे किराना व्यवसायी के वाहन को ट्रक ने मारी टक्कर, पुत्र की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** भतीजे का मुंडन संस्कार कराने मैहर जा रहे बाबूगंज बाजार के व्यवसायी के 10 वर्षीय पुत्र की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। वहीं स्कॉर्पियो में सवार परिजन व रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना जैसे ही बाबूगंज बाजार में मिली परिजन रात में ही रीवा के लिए निकल पड़े। मंगलवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव जब बाबूगंज बाजार पहुंचा तो परिजनों व ग्रामीणों में कोहराम मच गया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत जाफरपुर उर्फ बाबूगंज बाजार निवासी बृजेश कुमार केसरवानी जो किराना का व्यवसाय करते हैं। सोमवार शाम वह

**मध्य प्रदेश के रीवा में हुई घटना**



मृतक आदि केसरवानी की फाइल फोटो

अपने ससुराल झूसी स्थित रिश्तेदारों के साथ अपनी पत्नी प्रिया केसरवानी व 10 वर्षीय बेटे आदि केसरवानी तथा 6 वर्षीय पुत्री लाडो के साथ मुंडन संस्कार कराने मैहर जा रहे थे। रात करीब बारह बजे रीवा के पास अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने स्कॉर्पियो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। परिजनों व प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कार्पियो में सवार परिजन गंभीर रूप से घायल हो गये। वही आदि केसरवानी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची रीवा मध्य प्रदेश पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घायल परिजनों को स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करा दिया गया। सूचना रात में ही बाबूगंज बाजार स्थित परिजनों को हुई तो वे रात में ही रीवा के लिए रवाना हो गए।जहां से बच्चे का शव पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार देर शाम लेकर घर पहुंचे तो पूरे बाजार में कोहराम मच गया।

# भारतीय सवर्ण संघ के पदाधिकारियों की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संघ के संस्थापक पूज्य गुरुदेव दण्डी स्वामी राम देवानन्द सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विमल मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष गुजरात, ममता द्विवेदी राष्ट्रीय संरक्षक, सतीश चन्द्र मिश्रा राष्ट्रीय संरक्षक, ठाकुर बब्बन सिंह प्रदेश संरक्षक, राष्ट्रीय महासचिव राधेश्याम उर्फ साधू तिवारी, धर्मपाल सिंह जिलाध्यक्ष अमेठी, राजेश सिंह संरक्षक अमेठी, अशोक सिंह वरिष्ठ महासचिव अमेठी, वीरेंद्र बहादुर सिंह ब्लाक गौरीगंज, राजेश पाण्डे जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़, राजमणि द्विवेदी प्रदेश सचिव, सौरभ सिंह महासचिव, आशीष सिंह संयोजक सुल्तानपुर, इंद्र कुमार त्रिपाठी विधि परकोष्ठ हौसला प्रसाद सिंह सलाहकार सुल्तानपुर, लल्लन प्रसाद उपाध्याय ब्लाक महासचिव, करणबीर सिंह प्रशांत सिंह दूबेपुर सचिव डॉ अनूपपाण्डे जिलाध्यक्ष सुल्तानपुर, डॉ डी के दुबे वरिस्ट सचिव, राजेश सिंह संरक्षक सुल्तानपुर, राजेन्द्र प्रताप सिंह ब्लाक अध्यक्ष,आशीष सिंह सचिव, बालेंदु सिंह महासचिव दोस्तपुर, नरेंद्र उपाध्याय उपाध्यक्ष सुल्तानपुर, अवधेश प्रताप सिंह तहसील अध्यक्ष जयसिंहपुर, इसी तरह पवन शुक्ला प्रवक्ता, पारुल शर्मा साधना शर्मा भजन गायिका अंजु शर्मा के द्वारा सन्तो को कम्बल वितरण किया गया, व भव्य भंडारा किया।संरक्षक ममता द्विवेदी व सतीश चंद्र मिश्रा द्वारा संस्थापक पूज्य गुरुदेव व राष्ट्रीय महासचिव व राकेश कुमार श्रीवास्तव को जिला महासचिव प्रयागराज , कंचन पाण्डे को हाईकोर्ट प्रयागराज प्रदेश महासचिव विधि प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पदाधिकारियों को अंगवस्त्र व रुद्राक्ष माला भेंट किया गया । राजमणि दुबे को प्रदेश संयोजक पद की जिम्मेदारी संस्थापक पूज्य गुरुदेव द्वारा दिया गया । 2 महीने में पूरे प्रदेश के हर जिलों का जिलाध्यक्ष व महासचिव नियुक्त करने की जिम्मेदारी नवनियुक्त प्रदेश संयोजक राजमणि दुबे व प्रदेश संरक्षक ठाकुर बब्बन सिंह को करने को दी गई है।

## न्यूज झरोखा

### भोगवारा मंदिर का घंटा और दानपेटी से चढ़ावा चोरी



**प्रतापपुर।** क्षेत्र के भोगवारा ग्रामसभा में स्थित ऐतिहासिक मंदिर से अज्ञात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर का घंटा और रखी दानपेटी का ताला तोड़कर चढ़ावा उठा ले गए।फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के भोगवारा ग्रामसभा में स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर में भक्तों द्वारा प्रत्येक दिन शाम 5 बजे आरती की जाती है हमेशा की तरह सोमवार को भी आरती की गयी उसके बाद भक्त अपने-अपने घर चले गए मंगलवार की सुबह जब भक्तगण दर्शन को आए तो देखा मंदिर का ताला टूटा और मंदिर का बड़ा घंटा और दानपेटी ताला तोड़कर चढ़ावा गायब था।जिसकी सूचना ग्रामीणों ने फूलपुर कोतवाली में देकर कार्यवाही की माँग किया।इस मौके पर जुटे मंदिर समित के अध्यक्ष कमलेश तिवारी सहित ग्रामीण पूरन तिवारी, बाबा तिवारी, शरद पांडेय, प्रेम प्रजापति, रामनाथ भारतीय, विजय तिवारी ने बताया इसके पहले भी मंदिर में कई बार चोरी हो चुकी है जिसकी शिकायत भी किया गया मगर खुलासा नही सका।

### सपा में सभी वर्गों का सम्मान : हरिशंकर यादव



**प्रतापपुर।** समाजवादी पार्टी में सभी वर्गों का सम्मान है सपा सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।उक्त बातें समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हरिशंकर यादव ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सपा प्रत्याशी प्रतापपुर विजमा यादव का प्रचार करते हुए पार्टी की रीतियों-नीतियों का प्रचार-प्रसार करते हुए जनसंपर्क के दौरान कही उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी एवं सिंचाई मुफ्त होगी, विधवा पेंशन, मेधावी छात्रों को लैपटॉप मुफ्त में मिलेगा पूर्व सपा सरकार में किया गया ऐतिहासिक कार्य का पुनः क्रियान्वयन किया जाएगा।इस अवसर पर जियालाल यादव, लालचंद्र यादव पूर्व प्रधान, भगवंत प्रसाद पूर्व प्रधान, रवि मौर्या कोषाध्यक्ष, राजमणि हरिजन, राणा सिंह, दीनानाथ, उदयराज, सार्जन, धर्मराज, साधु,राहुल, घनश्याम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### प्रतापपुर के सर्वांगीण विकास के लिए सतत रहूंगा प्रयासरत : घनश्याम मिश्रा



**फूलपुर।** प्रतापपुर विधानसभा में सड़कें ध्वस्त हैं,विजली की ब्यवस्था जर्जर तारों के सहारे टिकी हुई है। पुराने ट्रांसफार्मर के कारण महीनों गांव अंधेरे में रहते हैं। शिक्षा, रोजगार से कोसों दूर प्रतापपुर में नई उम्मीद के साथ सर्वांगीण विकास करूंगा। यह बातें प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के शिव सेना पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी घनश्याम मिश्रा ने मंगलवार को नामांकन के बाद प्रतापपुर क्षेत्र में जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जाति- पाति से रहित शिव सेना पार्टी ने महाराष्ट्र में विकास की किरण जगाया है। प्रतापपुर में विकास की गंगा बहाने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि प्रतापपुर विधानसभा में भी महानगर जैसी ब्ययवस्था लाने का काम करूंगा। ब्यवसाय के लिए उद्योग धंधे, बेटियों के लिए उच्च शिक्षण संस्थान हमारी प्राथमिकता में होंगे। मौके पर अरूण यादव,शिव बालक,संगम लाल जायसवाल, प्रेमचंद, रमाशंकर, महेन्द्र कुमार, रणजीत शर्मा, छोटेलाल शर्मा, अर्जुन शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मां ने उन्हें बुला लिया अपने नेह निकुंज स्वर कोकिला के निधन से साहित्यकारों में गहरा शोक

अखंड भारत संदेस

**करछना।** विश्व पटल पर अपने मनमोहक सुर संगीत को लेकर लोगों के दिलों पर छा जाने वाली स्वर कोकिला लता जी का निधन

राष्ट्र ही नहीं बल्कि विश्व लोक संगीत क्षेत्र में एक अपूरणीय क्षति है। रामपुर स्थित लोकमंगल संस्थान में भारत रत्न लता मंगेशकर स्मृति शोकसभा के दौरान यह बातें संस्थान के निदेशक और जागृति मिशन के संयोजक डॉ भगवत पाण्डेय ने कही।गीतकार राजेन्द्र शुक्ल ने काव्य श्रद्धांजलि समर्पित करते हुए कहा-स्वर कोकिला चली गईं छोड़कर अपना कुंज। मां ने उन्हें बुला लिया अपने नेह निकुंज। राम लोचन सांवरिया,जीतेंद्र जलज, संतोष शुक्ला समर्थ ने भी काव्य पंक्तियों के माध्यम से स्वर साम्राज्ञी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। डॉ. अमरनाथ अमर, बेचन विनोदी, लखन प्रतापगढ़ी, डॉ. त्रिलोकी सिंह और विपिन सिंह परिहार ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि लता जी का संगीतमय लोकजीवन और लोक जीवनमय संगीत युगों तक लोगों के दिलों पर राज करेगा। संचालन कर रहे हास्य कवि अशोक बेशरम ने बनारस की सुबह जिंदा अवध की शाम जिंदा है,जमाने में वही जिंदा है जिसका नाम जिंदा है जैसी पंक्तियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शोक सभा के उपरांत आगामी 11 फरवरी को लोकमंगल संस्थान के तत्वावधान में संगीतमय श्रद्धांजलि सभा के आयोजन का निर्णय लिया गया जिसमें जमुनापार के कवि साहित्यकार और लोक कलाकार शिरकत करेंगे। इस मौके पर तीरथ राज पाण्डेय, श्यामलाल बेगाना, अतुल तिवारी विजय सिंह, मोहम्मद परवेज सिद्दीकी, मोहिनी श्रीवास्तव, बृजेश तिवारी, रामबाबू यादव विजय पाल, लव कुमार पाण्डेय, सोमनाथ द्विवेदी समेत कई कवि कलाकार साहित्यकार वसमाज सेवी शिक्षाविद मौजूद रहे।

# दर्जनों गांव का दौराकर पार्टी के पक्ष में मतदान करने की गुजारिश की

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** इस समय सभी पार्टियों के उम्मीदवार अपने-अपने तरीकों से जनता को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए सभी प्रकार के हथकंडे अपना रहे हैं। तो वहीं सोरांव विधान सभा में इस समय समाजवादी पार्टी का झंडा बुलंद करने के लिए तथा अपनी नीतियां को घर-घर तक पहुंचाने के लिए समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी गीता पासी अपने विधान सभा के सभी गांव में टाइम टेबल के हिसाब से दौरा कर रही हैं। और जनता का आशीर्वाद प्राप्त कर रही हैं।

हालांकि सोरांव विधान सभा की जनता भी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में पूरी ताकत से लगे हुए हैं। मंगलवार को गीता पासी का सुल्तानपुर खास, शिवपुर, मरखमऊ, बांका जलालपुर, मदारी, सिसंवा, बाजीतपुर, छितेमऊ, शाहबाज पुर, मानीउमर पुर, अलावलपुर सहित दर्जनों गांव



सभा को संबोधित करती गीता पासी

में कार्यक्रम रहा और इस कार्यक्रम में प्रत्याशी ने वर्तमान सरकार को किसान,मजदूर, पिछड़ा आदि की विरोधी सरकार बताई और सरकार की सैकड़ों कमियों को भी जनता के बीच बताई। तो वहीं साथ में रहे समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य खिन्नी लाल पासी ने भी समाजवादी पार्टी की खूबियों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सुबह से शाम तक क्षेत्र में लगे रहते हैं। तथा वर्तमान सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने की बात करते हैं। तथा आगामी 27 फरवरी को साइकिल पर बटन दबाकर कर गीता पासी को विधायक बनाने की जनता जनार्दन से अपील भी कर रहे हैं। और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश में अमन,चैन और शांति व्यवस्था कायम रहने की बात कही। तथा मंगलवार को सोरांव विधान सभा की दमदार और जनता की वफादार तथा विश्वसनीय प्रत्याशी गीता पासी ने लोगों से समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर समाज सेवी व सपा नेता हाजी इलियास खान, समाजवादी शिक्षक सभा जिला उपाध्यक्ष ज्वाला सिंह यादव, उर्मिला यादव,अरमान एडवोकेट, डॉक्टर के एल पटेल, शिव प्रसाद पासी, राजू वारसी, अखंड प्रताप सिंह, योगेश पटेल, राहुल यादव, राम मिलन यादव, मुन्ना पहलवान, भास्कर सरोज, संतोष बीडीसी, शंभू गुप्ता, विनोद माली, सोनू यादव, इरफान अहमद, ज्वाला सिंह यादव, पंकज यादव आदि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# स्वच्छता और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने किया मेले का निरीक्षण

अखंड भारत संदेस

**प्रयागराज।** जिले के अंतर्गत अरैल माघ मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अरेल घाट पर लगे मेले का निरीक्षण किया गया और आने जाने वाले श्रद्धालुओं को कोरोना से बचने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही साथ इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि कोई भी श्रद्धालु बिना मास्क के मेले के अंदर ना आए हर जगह स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड-19 डेक्स गाया गया और आने जाने वाले श्रद्धालुओं का थर्मल स्कैनिंग कोरोना जांच और मास्क एवं सैनिटाइजर वितरित किया गया स्वास्थ्य विभाग के इस कार्य की श्रद्धालुओं ने जमकर सराहना की और सभी श्रद्धालुओं ने मास्क और सैनिटाइजर का उपयोग किया।साथ ही साथ हमारी बात स्वास्थ विभाग अरैल प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव से हुई जिन्होंने बताया कि किस तरह से उनके स्वास्थ विभाग के सभी कर्मचारी स्वच्छता एवं



माघमेला अरैल घाट पर निरीक्षण करते स्वास्थ्य विभाग टीम

साफ सफाई का विशेष तरीके से ध्यान दे रहे हैं और आने जाने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का विशेष तौर पर ध्यान दिया जा रहा है कोई भी श्रद्धालु बीमार नहीं होने पाए इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है अगर किसी को किसी भी तरह की दिक्कत होती है तो उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र के अंदर स्वास्थ्य शिविर बने हैं वहां पर जाकर श्रद्धालु अपना इलाज करा सकते हैं और की दवा ले सकते हैं वहीं पर मौजूद मेला क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव ने हमें बताया कि किस तरह से वह अपनी पूरी टीम के साथ पूरे मेले को स्वच्छ बनाने का प्रयास कर रहे हैं और जैसा कि हमने देखा मेले के अंदर साफ सफाई दिखाई भी दी सभी श्रद्धालुओं ने और कल्पवासियों ने धर्मेंद्र कुमार यादव की वर्षण की सराहना की और बताया कि जिस तरह से उन्होंने मेले को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग दिया है वह सराहनीय है। प्रभारी निरीक्षक मेला क्षेत्र धर्मेंद्र कुमार यादव ने मिलकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया साथ ही साथ एफ आई मेला छेत्र संतोष कुमार सिंह के द्वारा सीएमओ स्वास्थ विभाग द्वारा पूरे मेला परिसर मे फोग्गिंग करवाई गई। जिसमे फोग्गिंग डीएमओ आनंद सिंह के सहयोग से पूरे मेला परिसर मे फोग्गिंग का कार्य किया गया ।जिसमे डॉ मिथलेश कुमार फार्मासिस्ट शिव शंकर गुप्ता कर्मचारी अशोक कुमार, बलराम कुमार, नीरज कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# खेल प्रतियोगिता से मिलती है अनुशासित रहने की सीख : गुलाब चंद्र पांडेय

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** खेल से बच्चों में अनुशासन व सहयोग की भावना जागृत होती है। इसलिए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना आवश्यक है। जिससे उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का भी मौका मिल सके। यह बातें मंगलवार को फूलपुर के लंका मैदान में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए फूलपुर विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी पंचायत गुलाब चंद्र पांडेय ने बतौर मुख्य अतिथि कही।

नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में फूलपुर में दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय खेलकूद,प्रतियोगिता का आयोजन सात व आठ फरवरी को कबड्डी, वालीबाल, दौड़, की प्रतियोगिताएं



खेल प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते एडीओ पंचायत गुलाब चन्द पाण्डेय

आयोजित की गई। अहिराई की टीम प्रथम, वालीबाल में फूलपुर ने बाजी मारी, दौड़ में कल्याण सिंह पहला और महिला वर्ग सौ मीटर दौड़ में रानी अब्बल रही। खेल प्रतियोगिता का कुशल संचालन दारा सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वामी विवेकानंद युवा मंडल बौड़ई ने सहयोग प्रदान किया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी, पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुन्ना यादव, विपिन ,अनिल कुमार, शशि भूषण, अमित कुमार, मुकेश, सचिन, अजय कुमार, अविनाश, राज कपिल, मुलायम सिंह, रोहित कुमार ,धर्मेंद्र कुमार श्याम बहादुर सरोज आदि उपस्थित रहे।

# सपा प्रत्याशी के नामांकन में दिखी एकजुटता

## क्षेत्र की जनता के हक एवं अधिकार की लड़ाई लड़ूगा : रामदेव निडर

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** आज विधानसभा कोरांव के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रामदेव निडर कोल के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं बिधान सभा टिकट के प्रबल दावेदारों की एकजुटता दिखाई दी नामांकन के दौरान कार्यकताओं को उत्साहवर्धन करते हुए सपा प्रत्याशी ने कहा कि कोरांव विधानसभा से विधायक के रुप में चुनकर सदन पहुंचा तो क्षेत्र के जनता के हक एवं अधिकार की लड़ाई सदन में लड़ूगा आज इस समय जहां क्षेत्र में बड़ी अस्पतालों का अभाव है वही कोरांव के दूर आंचल क्षेत्रों में विद्यालय की कमी दिखाई दे रही हैं इसके लिए संघर्ष करुंगा वही जिला पंचायत सदस्य सुमन कोल ने कहां की कोरांव में ऐतिहासिक जीत होगी जिला सचिव राजेश पांडेय ने किसानों नौजवानों गरीबों मजलूमों पर हूए अत्याचार का बदला चुकाने का समय आ गया है अखिलेश



यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए बिधायक बनाना जरूरी है वरिष्ठ सपा नेता बंधु कोल पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललन सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य पूर्व विधानसभा प्रभारी सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश कुशवाहा जिला सचिव योझा यादव अल्पसंख्यक के प्रदेश सचिव अधिवक्ता कीताब अली आशीष मिश्रा राष्टीय सचिव भीमसेना श्री राम प्रजापत अपना दल कमेरा वादी बिधान सभा अध्यक्ष राजाराम पटेल लक्ष्मी संकर यादव रविन्द्र जैसल प्रधान संजय अश्विनी यादव राजेश्वरी पटेल रामप्रवेश कुशवाहा राधेश्याम यादव जिला पंचायत सदस्य दसरथ सोनकर पवन सिंघाल दीपक पटेल गुलफाम खान कमलेश यादव अखिलेश यादव माशूक अली वंशराज यादव रामबाबू तिवारी कृष्णा कोल पवन सोनकर आज भारी संख्या में पदाधिकारि गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक रामकृपाल ने किया नामांकन



नामांकन के बाद कांग्रेस प्रत्यासी रामकृपाल कोल समर्थकों के साथ

**कोराव।** कोरांव विधानसभा से पूर्व विधायक राम कृपाल कोल ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल किया। पूर्व विधायक को कांग्रेस ने दो दिन पूर्व टिकट दे कर अपना उम्मीदवार बनाया है। रामकृपाल कोल पूर्व विधायक को कांग्रेस उम्मीदवार बनने से समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। समर्थकों ने रामकृपाल को भरी मतों से विजई बनाने की अपील की है।

### वर्तमान भाजपा विधायक राज मणि कोल ने किया नामांकन

**कोरांव।** भाजपा के वर्तमान विधायक राज मणि कोल ने भाजपा प्रत्यासी के रूप में अपना नामांकन किया। बता दें कि राजमणि को भाजपा ने टिकट न देकर श्रीमती आरती कोल को भाजपा प्रत्यासी बना दिया था। किंतु अचानक आरती को मैदान से हटा कर निवर्तमान विधायक राज मणि कोल को टिकट दे दिया। उन्होंने आज अपना नामांकन लाव लश्कर के साथ किया तथा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से काफिले के साथ जन संपर्क किया। उनके साथ चेयरमैन कोराव सहित पार्टी के कई नेता कार्यकर्ता साथ रहे।

# प्रदेश सचिव बनने पर अधिवक्ताओं में हर्ष

**सोरांव।** सोरांव तहसील के तेजतर्राक और अनुशासित अधिवक्ता को समाजवादी पार्टी अधिवक्ता संघ का प्रदेश सचिव बनाने पर मंगलवार को सोरांव तहसील में एक भव्य स्वागत किया गया।अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त प्रदेश सचिव मनोज कुमार यादव का माल्यार्पण कर स्वागत किए। जिससे लोगों में खुशी की लहर व्याप्त है। और क्षेत्र में चर्चा का विषय माना हुआ है।समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार एडवोकेट ने सोमवार को लखनऊ पार्टी कार्यालय पर बुलाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सहमति पर मनोज कुमार यादव को प्रदेश सचिव का मनोनीत पत्र देकर सम्मानित किए। मनोज यादव ने पार्टी के प्रति अपना जीवन समर्पित करने की बात कही। तथा अपने अधिवक्ता समाज को एकत्रित करके पार्टी की नीतियों को आगे बढाने की भी बात कही।

## मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह किए मीठा



समाजवादी अधिवक्ता संघ में पद मिलने की खुशी में मंगलवार को सोरांव तहसील परिसर में पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन सोरांव वामिक एजाज फारूकी की अध्यक्षता में नवनियुक्त मनोज कुमार यादव का अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किए। इस मौके पर वामिक एजाज फारूकी ने कहा कि अधिवक्ता समाज का आइना होता है। बिना अधिवक्ता के न्याय की कल्पना नही किया जा सकता है। इस मौके पर मोहम्मद फराज, विवेक कुमार पटेल एडवोकेट, मोहम्मद आरिफ, राजधानी गौतम एडवोकेट,आसिफ, संतोष यादव, धीरज यादव,सचिन कुमार एडवोकेट (पूर्व प्रधान), रणविजय सिंह यादव,आदि दर्जनों अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शांति भंग की आशंका में दो पर कार्यवाही

**शंकरगढ़।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शंकरगढ़ पुलिस ने क्षेत्र के गौरा भारत नगर गांव में शांति भंग की आशंका पर दो आरोपी किशोरी लाल कोल और अमृतलाल कोल को गिरफ्तार कर सीआरपीसी की धारा 151,107, 116 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। शंकरगढ़ थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी पिछले कई दिनों से आपस में विवाद कर रहे थे।

### डीसीएम पर लदी पशुओं को पुलिस ने डीहा में गिरफ्त में लिया

**करछना।** एसएसपी प्रयागराज अजय कुमार पांडेय द्वारा अपराध एवम अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित के कड़े निर्देश के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक थाना करछना टीकाराम वर्मा के कुशल नेतृत्व पुलिस टीम द्वारा डीसीयम में क्रूरता पूर्वक भरे हुये 05 राशि गाय, 08 राशि बछड़ा बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# डीएम ने नामांकन कक्षों का निरीक्षण व नामांकन प्रक्रिया का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री मंगलवार को समस्त नामांकन कक्षों का निरीक्षण कर नामांकन प्रक्रिया को जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक कक्षों में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी को भी देखा तथा सम्बंधित सभी आर0ओ0 को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग की गाइल लाइन के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसी क्रम में उन्होंने कलेक्टेट स्थित कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पटल प्रभारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय की साफ-सफाई तथा फाइलों का रख-रखाव को दुरूस्त रखा जाये। उन्होंने कार्यालयों में तैनात कर्मचारियों की जानकारी ली। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



नामांकन कक्षों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

### चुनाव अधिकारी बनकर गहने और रुपये उड़ाए

**प्रयागराज।** चुनाव अधिकारी बनकर शातिर ठग लोगों से ठगी करने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला कोतवाली क्षेत्र में सामने आया है, जहां एक व्यापारी के कर्मचारी को चुनाव अधिकारी बनकर ठगों ने लाखों की चपत लगाई है। राजापुर के रहने वाले घनश्याम दास वर्मा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है कि उनका नौकर रवि मंडल चार फरवरी की शाम को सोने चांदी के सामान, जिसमें चार झुमका, चांदी की ज्वैलरी थी, चौक में सफाई कराने ले गया था। घर लौटते समय 7:00 बजे कोठा पारचा के पास एक आदमी मिला। वह उसे सड़क के किनारे ले गया। वहां पर तीन आदमी पहले से मौजूद थे। उन लोगों ने खुद को चुनाव अफसर बताकर तलाशी शुरू कर दी। रवि मंडल से उन लोगों ने कहा कि सोने और चांदी का सामान निकाल कर दूसरे पैकेट में रख ले। उसके पास से 64 हजार रुपये भी थे। रुपये लेकर दूसरे झोले में रखने के दौरान गायब कर दिए। रवि मंडल कुछ समझ नहीं पाया। जब घर पहुंचा तो पता चला कि सारा सामान और रुपया बैग से गायब है। इसके बाद उसने पुलिस से शिकायत की। कोतवाली पुलिस अगले दिन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# जुर्म कुबूलवाने के लिए थर्ड डिग्री और इलेक्ट्रिक शाक क्यों देती है पुलिस : हाईकोर्ट

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शामली जिले के थाना- कैराना में पुलिस द्वारा अभियुक्त को घर से उठाकर हवालात बंद कर जुर्म कबूलवाने के लिए थर्ड डिग्री का इस्तेमाल करने व इलेक्ट्रिक शाक देने के खिलाफ दाखिल याचिका पर प्रदेश के डीजीपी से एक सप्ताह में हलफनामा माँगा है। याचिका की सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी ' यह आदेश न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति दीपक वर्मा की खंडपीठ ने रशीदा पति हारून व बेटियों की तरफ से दाखिल आपराधिक याचिका पर दिया है। याचिका में कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच एजेंसी से विवेचना कराने की मांग की गई है। साथ ही पुलिस उत्पीड़न के एवज में मुआवजा दिलाये जाने की भी मांग की गई है। आरोप है कि जून-जुलाई 2020 में थाना कैराना के सीओ, एसएचओ और अन्य पुलिस अधिकारियों ने दो औरतों की हत्या के मामले में याची व उसके पति तथा बेटियों को थाने में लाकर थर्ड डिग्री का प्रयोग किया। जबरन जुर्म कबूल करने के लिए इलेक्ट्रिक शाक भी दिया गया।

# माघ मेला क्षेत्र में स्वच्छता व कोविड के प्रति लोगों को सजग करते दुकान जी



मास्क वितरण करते दुकान जी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघमेला क्षेत्र मे कोरोना जैसें संक्रमण को रोकने के लिये मेला प्राधिकरण और नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी घूम घूम कर लोगों मास्क अवश्य लगाये और पम्पलेट बाट कर लोगों को कोरोना जैसे महामारी से बचने के लिए अपिल कर रहे हैं आप मेला क्षेत्र मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा जगह-जगह कोरोना जाँच वैक्सीन केम्प और टीम घूम घूम कर कल्पवासियो दण्डित बाडा सन्त महात्मा के शिविरो पंडालो मे जाकर जो लोग वैक्सीन नहीं लगाये या दूसरी डोज नही लगाये उनको वैक्सीन लगाने का कार्य टीम कर रहीं हैं और लोगों को जागरूक कर रही है मास्क अवश्य लगाये और दिन मे तिन चार बार हाथ अवश्य धोये जिससे कोरोना से बचा जासके अगर आप को किसी भी प्रकार की बिमारी या परेशानी दिक्कत हो रही है तो जगह-जगह पर स्वास्थ्य कैम्प लगे है आप वहां डाक्टरों द्वारा निशुल्क जाँच करवा सकते है आप के हर सुविधा का ध्यान रखते हुए मेला प्रशासन ने एम्बुलेन्स सेवा की सुविधा प्रदान किया है आपके ऐक फोन से आपके बताये गये स्थान पर पहुंच कर आपको सुविधा प्रदान कर रही है आप अपने स्वास्थ्य के साथ साथ अपने आसपास साफ स्वच्छ बनायें रखें रखे अगल बगल गड्ढे में गंदा पानी इकट्ठा न होने दे जिससे किसी भी प्रकार की बिमारी फैल सके मंगलवार को दुकानजी द्वारा आठ सौ मास्क वितरण किया गया।

### दो सगी बहनें घर से लापता , परिजनों ने पुलिस को दी सूचना

**प्रयागराज।** सोरांव थाना अंतर्गत गांव लहठी में रहने वाली दो सगी बहनें लापता हो गई हैं। परिवार वालों का कहना है कि आज सुबह जब उनकी बेटियां सो कर कमरे से बाहर नहीं आई तो उन्हें चिंता हुई। आवाज लगाई तब भी कोई उत्तर नहीं आया तो सभी घबरा गए और जाकर कमरे में देखा तो होश उड़ गए।परिजनों ने बताया कि आस-पास, रिश्तेदारों से फोन द्वारा पूछताछ की, लेकिन दोनों का कहीं भी पता नहीं चला। जिसके बाद परिवार के लोगों द्वारा थाना सोरांव में अपरहण की तहरीर दी गई।इस मामले को लेकर सोरांव थाना की पुलिस ने बताया कि तहरीर में कुछ दिन पहले गांव के चार मनचलों द्वारा विवाद का उल्लेख किया गया है। उन मनचलों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। पीड़ितों को आश्वासन दिया कि जल्द-जल्द लड़कियों की खोज कर उनके माता-पिता से मिलवाया जाएगा। यदि कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शहर पश्चिमी से शाइस्ता बेगम ने नहीं किया नामांकन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फूलपुर से पूर्व सांसद अतीक अहमद की राजनीतिक विरासत योगी सरकार में बिल्कुल खत्म हो चुकी है। लगातार शहर पश्चिमी से पांच बार विधायक व एक बार फूलपुर से सांसद चुने गए अतीक की अवैध संपत्ति ही नहीं बल्कि उसकी राजनीतिक कॅरियर पर भी भाजपा सरकार ने बुलडोजर चलाया है। उदाहरण स्पष्ट है, अतीक अहमद तो खुद जेल में बंद है लेकिन उसकी पत्नी शाइस्ता बेगम शहर पश्चिमी से चुनाव लड़ने को तैयार हुईं थी लेकिन मंगलवार को नामांकन के आखिरी दिन तक उन्होंने नामांकन नहीं किया। दोपहर तक लोगों को यही उम्मीद थी कि शाइस्ता बेगम नामांकन करने के लिए कलेक्ट्रेट जाएंगी लेकिन वह नहीं पहुंचीं।बता दें कि पिछले दिनों ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद उल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शाइस्ता बेगम को शहर पश्चिमी से अपना घोषित कर दिया था और शाइस्ता ने इसे स्वीकार भी कर लिया था लेकिन उसके बाद से शाइस्ता फिर से राजनीतिक प्लेटफार्म से बैकफुट पर चली गईं। पार्टी के लोग नामांकन के आखिरी दिन तक यह कयास लगाते रहे कि शायद वह नामांकन करें लेकिन शाइस्ता ने न तो कोई जवाब दिया और न ही चुनाव लड़ने या ना लड़ने पर अपनी कोई प्रतिक्रिया दी।

### योगी सरकार में अतीक अहमद की खत्म हो गई राजनीति

## सपा को जीताना चाहती हैं अतीक की पत्नी

अतीक के करीबियों की मानें तो अतीक की पत्नी शाइस्ता खुद चुनाव न लड़कर सपा का सपोर्ट करना चाहती हैं इसलिए वह चुनाव से बाहर रहीं। कहा जाता है कि ऋचा सिंह 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा से चुनाव लड़ रहीं थी तो अतीक ग्रुप का पूरा समर्थन रहा। यही कारण रहा कि भाजपा के सिद्धार्थ नाथ सिंह के सामने वह दूसरे नंबर पर रहीं। इस बार फिर ऋचा सिद्धार्थ नाथ सिंह के सामने सपा से ही चुनाव लड़ रही हैं और माना जा रहा है कि कहीं न कहीं अतीक ग्रुप उनका समर्थन भी करेगा।

### झूंसी में पुलिस ने मतदाताओं को किया जागरूक

**झूंसी।** फूलपुर विधानसभा के अतिसंवेदनशील गांव में पुलिस ने लोगों को निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान करने के लिए जागरूक किया। मंगलवार को झूसी थानाक्षेत्र के अतिसंवेदनशील गांव मलावा खुर्द और कटका गांव के प्राथमिक विद्यालयों में उपस्थित मतदाताओं को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर झूंसी यशपाल सिंह ने कहा कि 27 फरवरी को भयमुक्त होकर अपनी पसंद के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें। डरने की आवश्यकता नहीं है। अगर कोई प्रत्याशी या पार्टी का नेता शराब, नगदी का प्रलोभन देता है या अपने पक्ष में मतदान करने के लिए डराता धमकाता है, तो तत्काल पुलिस को सूचना दे। पुलिस आप की सुरक्षा के लिए है।

# कत्ल के बाद ताना मारते थे इसलिए किया खून, पिता-पुत्र सहित छह गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** खून का बदला खून से लेने में पुलिस ने सीताराम, उसके बेटे संदीप उर्फ मिथुन, संजय उर्फ मितालु, अंशू भारतीया व मदन लाल और उसके पुत्र सोनू कुमार भारतीया को गिरफ्तार किया है। सभी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा व टूटी हुई लाठी बरामद हुई है। शीतला प्रसाद के हत्यारोपित धूमनगंज थाना क्षेत्र के नीवां मल्लाही टोला के निवासी हैं। कैंट थाने की पुलिस का कहना है कि अप्रैल 2020 में एक लड़की से प्रेम प्रसंग को लेकर अजय उर्फ दलऊ की हत्या की गई थी। अजय आरोपित पक्ष का लड़का था। उस हत्याकांड में शीतला प्रसाद का भाई सहादुर उर्फ साधु, भतीजा रोशन, भांजा सोनू व अमर सिंह आरोपित हैं। उसक घटना को लेकर शीतला प्रसाद पक्ष के लोग अक्सर सीताराम और उसके परिवार के लोगों को ताना मारते थे। इससे सभी परेशान थे।

**दो फरवरी को गया था कछार में तभी मारा गया**

दो फरवरी की शीतला प्रसाद जब रोजाना की तरह कैंट थाना क्षेत्र में मछली मारने के लिए गया था, तभी आरोपित काली पलटन कछार में पहुंच गए। इसके बाद सभी ने मिलकर लाठी डंडे से पीटकर शीतला प्रसाद को मौत के घाट उतार दिया था। अभियुक्तों ने दलऊ की हत्या का बदला शीतला प्रसाद का कत्ल करके लिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके अगले दिन पुलिस ने सभी को पकड़ लिया और कई दिनों तक पूछताछ की। इसके बाद सोमवार को गिरफ्तारी दिखाकर जेल भेजने की कार्रवाई की।

### कौड़िहार में युवक से ठगी, बैंक के अंदर हुई वारदात

**प्रयागराज।** कौड़िहार कस्बा में स्थित भारतीय स्टेट बैंक में आशीष नाम का युवक ने पचास हजार निकासी की फिर उसने बैंक कहा कि मुझे चेंज दे दे तो कैशियर ने कहा अभी चेंज उपलब्ध नहीं है।बैंक के परिसर में मौजूद टप्पेबाजों की निगाह आशीष पर पड़ी तुरन्त ही ठग आशीष के पास आया और कहा आओ मैं तुम्हें फुटकर देता हू तो मैने उन्हें अपने पचास हजार रुपए दे दिया तो उसने मुझे एक थैली दी और कहा कि ये सौ सौ केनोट है तुम ले लो अभी मुझे बड़े प्रयास से मुझे मिले है तुम्हे जरूरत है। इसके बाद वह वहां से रफूचक्कर हो गया जब मैंने थैली खोली तो देखा कि वो नोट नही सभी कागज के टुकड़े थे फिर तुरन्त ही थाना नवाबगंज में इसकी सूचना दी नवाबगंज थाना प्रभारी ने रिपोर्ट दर्ज कर टप्पेबाजों के बारे में पूछताछ जारी कर दी है।

# अपने अपमान का बदला शिक्षक सपा सरकार बनाकर लें : ननकेश बाबू

अखंड भारत संदेस

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्तविहीन गुट) प्रयागराज ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष/शिक्षक विधायक मा. लाल बिहारी यादव के अनवरत संघर्षों के परिणाम स्वरूप समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भावी मुख्यमंत्री मा. अखिलेश यादव द्वारा 2022 के ह्यवचनझपत्रह्न में माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षको के लिए प्रति माह 5000 रुपए मानदेय तथा शिक्षकों एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली का पुरजोर स्वागत किया है तथा 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए सभी सपा प्रत्यासियों को भारी बहुमत से जीताने की अपील की है। ज्ञात हो की गत अक्टूबर 2021 में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर के वित्तविहीन शिक्षकों को आश्वस्त किया था कि माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लाल बिहारी यादव को शिक्षक एमएलसी चुनाव के पूर्व वचन दिया था कि चुनाव में जो भी वादा करके आओगे उसे मै पूरा करूंगा। विदित हो कि भाजपा के वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वाराणसी के बावतपुर हवाई अड्डे पर 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल के साथ मिलकर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने अनुरोध किया था परन्तु प्रदेश के मुख्यमंत्री ने ह्यनियोक्ता ही मानदेय देगाह्न कहकर नेताओं एवं प्रदेश भर के शिक्षकों का अपमान किया था। संघ की जिला इकाई की आकस्मिक बैठक एच डी भगत इण्टर कॉलेज रामपुर करछना में जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. अखिलेश यादव को उनके किए जा रहे प्रयास तथा शिक्षकों के प्रति अपनाई गई उदारवादी नीति पर खुशी जाहिर की है। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ने कहा कि प्रदेश भर के साढ़े तीन लाख से अधिक माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वर्तमान सरकार से अपमान का बदला लेने का वक्त आ गया है अपनी बदहाली से उपेक्षित शिक्षक एवं उनके परिवार के लोग भाजपा सरकार को उखाड़ फेंके तथा पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी के पक्ष में प्रचार कर दोझतिहाई बहुमत से चुनाव जीताने में अहर्निश योगदान करें। बैठक में मण्डल अध्यक्ष अभयराज सिंह , सीताशरण सिंह, फूलचंद्र कन्नौजिया, बुधराम यादव, बालेन्द्र गौतम, गोविंद प्रसाद भूर्तिया, नवीन शुक्ला, जेपी यादव, रविकिरन सिंह, मानसिंह पटेल, सीपी मिश्रा, अवधेश श्रीवास्तव, अमरचंद गुप्ता, सीबी यादव, शिवमोहन पटेल, बीरेंद्र शैलेश, प्रेमचंद, कमलचंद, कमलाशंकर, महेंद्र द्विवेदी, कविता यादव, शिवमूरत पटेल, मदन मुरारी श्रीवास्तव, भुवाई लाल यादव, राजू सिंह, अरविन्द यादव, सर्वेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।





अखिलेश यादव व एमएलसी लाल बिहारी यादव

### फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर पहुंचा करछना विकास खंड, पुलिस कर रही पूछताछ

**प्रयागराज।** करछना विकास खंड में नौकरी के नाम पर फर्जीवाड़ा सामने आया है। पांच-पांच लाख रुपये में 46 लोगों को ब्लाक प्रोग्रमिंग मैनेजर के पद के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र जारी हुए हैं। इनमें से एक युवक मंगलवार को करछना विकास खंड में नियुक्ति पत्र लेकर ज्वाइनिंग करने पहुंचा। फर्जीवाड़ा सामने आया तो इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों समेत विकास भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी को दी। इस बारे में सूचना मिली तो पुलिस पहुंची और पूछताछ के लिए युवक को थाने ले जाया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। फिलहाल इस मामले से किसी बड़े गिरोह के खुलासे की संभावना है।फर्जी नियुक्ति पत्र देखकर अवाक रह गए अधिकारी भी शहर में प्रीतम नगर का रहने वाला प्रकाश गौड़ पंचायत राज विभाग में ब्लाक प्रोग्रमिंग मैनेजर के पद के लिए नियुक्ति पत्र लेकर मंगलवार को करछना ब्लाक पहुंचा। फर्जी नियुक्ति पत्र देखकर ब्लाक के अधिकारी सन्न रह गए। एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा ने करछना थाने मे तहरीर देते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को घटना की जानकारी दी। जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि इस प्रकार के किसी भी पद पर कोई नियुक्ति नहीं हुई है। यह नियुक्ति पत्र पूरी तरह से फर्जी है।अगर कहीं, दूसरी व्यक्ति भी इस तरह का पत्र लेकर आता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस मामले में किसी गिरोह की संलिप्तता की आशंका जताई है। अधिकारी के अनुसार कुछ शातिर ब्लाक में नौकरी लगवाने के नाम पर बेरोजगार युवकों से रुपये ठग रहे हैं। ब्लाक में किसी भी पद के नियुक्ति की एक निर्धारित प्रक्रिया है। इसके बारे में अखबार के साथ ही आधिकारिक वेबसाइट पर सूचना डाली जाती है।

**पांच वर्षो के लिए होनी थी ज्वाइनिंग**

फर्जी नियुक्ति पत्र में अपर मुख्य सचिव पंचायती राज का आदेश था। जिसमें चयनित प्रकाश गौड़ को 23 हजार 500 रुपये मासिक मानदेय पर पांच वर्ष के लिए ज्वाइन करना था। पत्र में 17 जनवरी से 24 जनवरी के बीच करछना ब्लाक में उपस्थित होकर ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर का पद ग्रहण करने की बात लिखी थी। इस पत्र को जारी करने की तिथि तीन दिसंबर 2021 लिखी है। इस पर डीपीआरओ के हस्ताक्षर हैं। जिलाधिकारी समेत पांच लोगों को प्रतिलिपि भेजने की बात भी लिखी है। डीपीआरओ ने इस पर उनके हस्ताक्षर होने से इंकार किया है।

# माघ मेला में वाहनों का लगा लंबा जाम, यात्री रहे परेशान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पिछले दो दिनों से सड़कों पर जाम की समस्?या बढ़ गई है। गंगा, यमुना के संगम की रेती पर बसी तंबुओं की नगरी में मंगलवार को भीषण जाम में फंसकर लोग परेशान हुए। माघ मेला में स्?नानार्थियों की भीड़ कम हुई तो लोग वाहन लेकर संगम तक जाने लगे। इससे चकर्ड प्?लेटों की बनी सड़कों पर काफी लंबा जाम लगा रहा। हालात यह रहे कि दिनभर वाहन रेंगते रहे। जाम के झाम से मुक्ति दिलाने में लगे पुलिस के जवानों के भी पसीने छूट गए। जाम में फंसने से लोगों को काफी परेशानियों का भी सामना करना पड़ा।मंगलवार को माघ मेला में काफी तादाद में श्रद्धालु पहुंच गए। लोग अपने वाहनों के साथ संगम तीरे तक पहुंचने लगे। संगम में डुबकी लगाने के बाद हर कोई जल्दी निकलने में लगा रहा। इससे वाहनों के कारण हालात ऐसे बन गए कि भीषण जाम मेला क्षेत्र में लग गया। संगम नोज से परेड मैदान तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। वाहन रेंगते रहे।

**आम दिनों के मुकाबले अचानक भीड़ बढ़ी**

मंगलवार को आम दिनों की अपेक्षा मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ भी ज्यादा रही। अचला सप्तमी को लेकर लोगों में संशय था। ऐसे में कुछ लोगों ने सोमवार को गंगा में डुबकी लगाई तो कुछ लोगों ने मंगलवार को गंगा में डुबकी लगाई। ऐसे में जाम की स्थिति मेले में उत्पन्न हो गई। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



सड़कों पर जाम में फंसे वाहन

# शहर पश्चिमी से सपा कैंडिडेट बनी रिचा सिंह

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भाजपा छोड़कर सपा का दामन थामने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को एक और झटका लगा है। उनके करीबी रहे अमरनाथ मौर्य का नामांकन के बाद सपा ने टिकट वापस ले लिया है। इसके बाद ऋचा सिंह ने मंगलवार दोपहर अपना नामंकन दाखिल कर दिया। सपा जिलाध्यक्ष योगेश यादव ने कहा- हां, ऋचा सिंह को शहर पश्चिमी विधानसभा सीट से टिकट दे दिया गया है। मगर, अभी आधिकारिक रूप से लखनऊ से इसका कोई आदेश नहीं आया है।

**इलाहाबाद यूनिवर्सिटी छात्रसंघ की पहली महिला अध्यक्ष रही हैं ऋचा सिंह**

इलाहाबाद यूनिवर्सिटी छात्रसंघ की पहली महिला अध्यक्ष ऋचा सिंह ने 2017 के विधानसभा चुनाव में कैबिनेट मिनिस्टर सिद्धार्थनाथ सिंह को कड़ी टक्कर दी थी। उन्होंने 60 हजार से ज्यादा मत हासिल किए थे। ऐसे में माना जा रहा था कि ऋचा ही शहर पश्चिमी से सपा कैंडिडेट होंगी। वैसे भी ऋचा पिछले 5 सालों से शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रही हैं। चाहे वह शहर की सड़कों के चौड़ीकरण के मामले में गरीबों के घर गिराने का मामला हो, कोई अपराध हो या छेड़खानी का मामला, वह हमेशा जनता के बीच खड़ी रही।

### अमरनाथ मौर्य का कटा टिकट



नामांकन करती रिचा सिंह

**ऋचा का टिकट कटने के बाद शुरू हो गई थी बगावत**

स्वामी प्रसाद मौर्य के करीबी अमरनाथ सिंह मौर्य का नाम अचानक से सामने आता है। सपा उन्हें शहर पश्चिमी से अपना कैंडिडेट घोषित करती है। इसके तुरंत बाद सोशल मीडिया पर इसका विरोध शुरू हो जाता है। ऋचा के समर्थक सोशल मीडिया पर कैंपेन शुरू कर देते हैं। लिखा जा रहा था कि बाहरी जहर पश्चिमी में बर्दाश्त नहीं है। ऋचा ने भी हाईकमान तक यह बात पहुंचाई और अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। यही कारण है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव को ऋचा सिंह की बात माननी पड़ी। इसके बाद नामांकन के आखिरी दिन पार्टी ने अपना फैसला पलटते हुए ऋचा सिंह को कैंडिडेट घोषित कर दिया। शहर पश्चिम से दाखिल किया नामांकन टिकट मिलने के बाद ऋचा सिंह ने मंगलवार दोपहर अपना नामांकन दाखिल कर दिया। अमरनाथ सिंह मौर्य ने सोमवार को ही अपना नामांकन दाखिल किया था। ऋचा के नामांकन के साथ ही शहर पश्चिमी विधानसभा चुनाव अब दिलचस्प हो चला है। ऋचा पिछली बार मोदी लहर में सिद्धार्थनाथ सिंह से करीब 20 हजार वोटों से हार गई थीं। इस बार ऋचा को हार मिलेगी या जीत, यह तो समय बताएगा। मगर, शहर पश्चिमी विधानसभा चुनाव में लड़ाई अब कांटे की मानी जा रही है।

# फाड़ा पोस्टर, जलाई सपा की लाल टोपी

## नामांकन से पूर्व टिकट कटने की सूचना पर उग्र हुए सपाई, पूर्व मंत्री राजाराम के बेटे संजय पांडेय ने निर्दल किया नामांकन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विश्वनाथगंज विधानसभा को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता ही मंगलवार को उस समय उग्र हो उठे जब उन्हें पता चला कि टिकट दाखिला से ठीक पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विश्वनाथ विधानसभा से प्रत्याशी संजय पांडेय को टिकट दाखिल करने से रोक दिया है। जैसे ही सपा अध्यक्ष का फोन आया संजय पांडेय जो पूजा अर्चना के बाद दाखिला करने निकलने ही वाले थे उन्हें दाखिल करने से रोका गया। समर्थकों के बीच पहुंचे और टिकट दाखिला न करने की बात को लेकर फफक कर रो पड़े।

पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजाराम पाण्डेय के पुत्र संजय के रोते देख समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। सर्व समाज के उमड़े उनके समर्थक हजारों की संख्या में न केवल सिर पर लगाई हुई लाल


सपा के बैनर व पोस्टर को जलाते संजय पाण्डेय के समर्थक।

टोपी को फाड़ दिया। बल्कि झंडा बैनर यहां तक कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं मुलायम सिंह यादव की तस्वीरें भी जमीन पर पटक कर पैरों तले रौदा जाने लगा। वैसे संजय पांडेय अपने समर्थकों को रोकने का प्रयास भी करते दिखाई दिए। किंतु उनके सात हजार से अधिक समर्थकों ने एक स्वर से निर्दल ही पर्चा दाखिल करने के लिए उनसे अनुनय विनय करने लगे।

जन समर्थन को देखते हुए संजय पांडेय ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में विश्वनाथगंज विधानसभा से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस हाई वोल्टेज ड्रामा के दौरान हर व्यक्ति के जुबान पर एक ही बात गूंज रही थी कि स्वर्गीय राजाराम पाण्डेय के पुत्र के साथ जो यह नाटकीय खेल सपा द्वारा खेला गया है उसको कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। अब लड़ाई आर-पार की लड़ने के लिए तैयार हैं। कुछ लोग तो यह भी कहते रहे कि स्वर्गीय राजाराम को धोखा देने वालों को जनता जवाब देगी। बता दें कि रात 10रू30 बजे सपा मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संजय पांडेय से चुनाव लड़ने के लिए कह कर उन्हें सिंबल और फार्म एबी देकर लखनऊ से भेजा। विगत कई वर्षों से चुनाव हारने के बाद भी संजय पांडेय विश्वनाथगंज विधानसभा के लोगों के सुख-दुख में सदैव मजबूती से खड़े रहे। जिसके कारण बिना किसी सूचना के लोगों एवं सोशल मीडिया से जानकारी प्राप्त करके हजारों की संख्या में समर्थक पहुंच गए थे। पता नहीं किन मजबूरियों के चलते सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एक जमीनी नेता का टिकट काट दिया। उनकी समस्या हो सकती है किंतु कार्यकताओं के साथ जिस प्रकार से मजाक हुआ है उसे कार्यकताओं ने बहुत ही आक्रोशित अंदाज में लिया। परिणाम क्या होगा यह तो समय बताएगा किंतु समाजवादी पार्टी को विश्वनाथगंज विधानसभा में प्रचंड विरोध का

# प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवारों की तस्वीर साफ होते ही छिड़ गई चुनावी बहस

अखंड भारत संदेश

**रानीगंज।** विधानसभा क्षेत्र में देर रात भाजपा उम्मीदवार की घोषणा के बाद सियासी चर्चाओ ने जोर पकड़ लिया। सियासी गुणा गणित का ताना बाना बुनने की राह खुलने लगी। मंगलवार को तहसील में जुटे अधिवक्ताओं में चुनावी माहौल पर चर्चा छिड़ गई। भाजपा ने सिटिंग विधायक को टिकट देकर सारी अटकलों पर विराम लगा देने से लोगों में मिली जुली प्रतिक्रिया रही। कुछ ने त्रिकोणीय लड़ाई तो कुछ ने आमने सामने चुनावी लड़ाई होने का दावा किया। चर्चा में सपा में स्थानीय उम्मीदवार का टिकट काटकर बाहरी उम्मीदवार को देने की नाराजगी जताई। वहीं दूसरे ने कार्यकर्ता से विधायक बने को फिर से टिकट दिए जाने को सही बताया। कहा कि विधानसभा में लड़ाई दिलचस्प हो गई है। जातीय समीकरण फिर से हावी रहेगा। प्रमुख पार्टियों के मूल वोटरों के बिखराव से परिणाम चैंकाने वाले हो सकते हैं। मुस्लिम उम्मीदवारी न होने से इस मत का विभाजन हो सकता है। वहीं एक ने मुस्लिम एक जगह पड़ने से भी परिणाम किसी के भी पक्ष में जा सकता। इधर नामांकन के बाद प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवार लोगों से समर्थन मांगने के लिए संपर्क कर रहे हैं। नाराज लोगों को मनाने के लिए भी लोगों को साधा जा रहा है।

## जमीनी रंजिश में आरोपियों ने युवक को चाकू मारकर किया जख्मी

### हालत गंभीर, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के अमसौना गांव में जमीनी रंजिश खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया जहां पर आरोपियों ने एक युवक को चाकू से मारकर जख्मी कर दिया वहीं परिवारी जनों को जमकर मारा पीटा जख्मी युवक को आनन-फानन में बाबा बेलखरनाथ धाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया पीड़ित पक्ष ने कंधई थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कंधई थाना क्षेत्र के अमसौना गांव के रहने वाले मुकेश का पड़ोसी राम सूरत से जमीनी विवाद काफी पुराना चल रहा है, जिसको लेकर बीच-बीच में दोनों से कहासुनी होती रहती थी लेकिन मंगलवार की दोपहर उसी जमीनी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में हुई कहासुनी हुई जो मारपीट में तब्दील हो गई जिसमें आरोपी रामसूरत, राम मूरत, पारस सरोज राकेश कहार , तथा एक रिश्तेदार मिलकर मुकेश कुमार पर चाकू से हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया बीच-बचाव करने आए परिजन शैल कुमारी पूनम साधना रजनीश व अमित को भी आरोपियों ने जमकर मारा पीटा जख्मी हालत में परिवारीजन मुकेश को लेकर बाबा बेलखरनाथ धाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उसकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं पर पीड़ित पक्ष ने इस संबंध में कंधई थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## घर में विशालकाय अजगर निकलने से मचा हड़कंप

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावा रेलवे फाटक निकट अनिल कुमार अग्रहरि के यहां मंगलवार की सुबह घर के पीछे दीवार के सहारे घर के अंदर उतर रहे विशालकाय अजगर को देख शुभम घबड़ा गया और भागकर अपने परिजनों को बताया जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। विशालकाय अजगर दीवार से सटे नीचे लगे ईट व कूड़े के ढेर में छिपकर बैठ गया।जिसकी जानकारी फोन पर मिलते ही 15 मिनट के अंदर कालाकांकर वन विभाग के दिनेश कुमार पटेल व जगदीश प्रसाद यादव मौके पर पहुंचे और घर के सदस्य गनेश प्रसाद अग्रहरि के साथ साफ सफाई करने लगे कि अचानक ईट व कूड़े के ढेर में कुंडली मारकर बैठा विशालकाय अजगर पर गनेश की नजर पड़ गयी जिसे बड़ी मशक्कत के साथ वन विभाग के दिनेश व जगदीश प्रसाद किसी तरह अजगर को बाहर निकाला और एक प्लास्टिक बाल्टी में उसे रखकर बाल्टी का मुंह बोरी से बांधकर जंगल की तरफ ले जाकर छोड़ दिया। अजगर निकलने की सूचना पर देखने वालों की भारी भीड़ लग गई अजगर के पकड़े जाने के बाद परिजनों ने राहत की सांस लेते हुए वन विभाग के कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# भारी अन्तर्विरोध के बावजूद सदर व विश्वनाथगंज से घोषित हुए प्रत्याशी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज नामांकन के अंतिम दिन सदर व विश्वनाथगंज में भाजपा के सपा के प्रत्याशी सामने आ गए। भाजपा अपना दल गठबंधन से चिलबिला के प्रमुख रसमलाई विक्रेता राजेन्द्र मौर्य ने आज नामांकन किया। जबकि सपा व अपना दल कृष्णा गुट की प्रत्याशी कृष्णा पटेल ने भी नामांकन किया है।

इस सीट पर समाजवादी पार्टी से टिकट मांग रही सपा नेत्री सुषमा पाल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में नामांकन भरा है जबकि भाजपा का टिकट न मिलने पर राजा अनिल प्रताप ने निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में सदर से नामांकन किया है। कुण्डा विधान सभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी गुलशन यादव की पत्नी ने भी नामांकन किया है। भाजपा अपना दल गठबंधन प्रत्याशी जीतलाल ने विश्वनाथगंज सीट से अपना नामांकन किया है। विश्वनाथगंज सीट से ही सपा प्रत्याशी सौरभ सिंह ने आज दूसरी बार नामांकन किया जबकि वह


नामांकन करने जाते अपना दल गठबंधन राजेन्द्र मौर्य।


नामांकन करने जाते निर्दलीय राजा अनिल प्रताप सिंह।

## असंतुष्टों ने भरा निर्दलीय के रुप में पर्चा

सोमवार को अपना नामांकन कर चुके थे। इसके अलावा कांग्रेस के एक प्रत्याशी विश्वनाथगंज के लिये तथा एक कुण्डा के लिये नामांकन किया है। भाजपा और सपा के नेताओं को टिकट न मिलने पर जो निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में सामने आए हैं, अगर वह चुनाव लड़ेंगे, यह दोनों पार्टियों के लिये नुकसान कर सकते हैं।


नामांकन करने जाते अद गठबंधन जीतलाल।

## शिकायत व सूचना के लिये विभाग ने जारी किया मोबाइल नम्बर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ/वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू ने जन सामान्य को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में विधानसभा क्षेत्र 244 रामपुरखास, 245 बाबागंज तथा 246 कुण्डा (कुल तीन विधानसभा) के निर्चाचन व्यय पर्यवेक्षण हेतु व्यय प्रेक्षक स्मिता वी नायर (आई0आर0एस0) मोबाइल नम्बर 9151010073 तथा 247 विश्वनाथगंज, 248 सदर, 249 पट्टी तथा 250 रानीगंज (कुल चार विधानसभा) हेतु व्यय प्रेक्षक एस0एम0 सुरेन्द्र नाथ (आई0आर0एस0) मोबाइल नम्बर 9151010077 को नामित किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को निर्वाचन व्यय अथवा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के सम्बन्ध में कोई शिकायत अथवा सूचना देनी हो तो मोबाइल नम्बर दे सकते हैं।

# महंगाई के चलते असंतुलित है बाजारः प्रमोद तिवारी

## भदारीकला व जमालपुर में आयोजित जनसभा में शामिल हुए सीडब्ल्यूसी मेम्बर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मोदी सरकार पर कृषि प्रधान देश होने के बावजूद इस बार के केन्द्रीय बजट मे कृषि बजट में कमी करने को किसानों के लिए घोर निराशाजनक है। यह बातें केन्द्रीय कांग्रेस वर्किग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने मंगलवार को क्षेत्र के अलीपुर तथा जमालपुर व भदारी कला एवं सलेम भदारी मे आयोजित कांग्रेस समर्थित जनसभाओं मे कही।

श्री तिवारी ने कहा कि केन्द्र की अदूरदर्शिता से इस समय लगातार बाजार मंहगाई के चलते असंतुलित है और किसान तथा मध्यम वर्ग पूरी तरह से कराह रहा है। ऐसे समय मे मोदी सरकार ने जबकि कृषि क्षेत्र मे बजट को लेकर किसान वृद्धि की उम्मीद कर रहे थे, इसके विपरीत सरकार ने 2022-23 के बजट मे कृषि क्षेत्र के आवंटन मे 3.8 फीसदी की कमी कर दी। उन्होनें कहा कि यही नही सरकार की गरीब तबके के किसान के साथ वादाखिलाफी तब हद पार कर गयी है जब इस बजट मे किसानों की आमदनी दोगुनी करने के सरकारी वायदो के बारे मे बजट मे रंच मात्र चर्चा भी नही की गयी है। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, लालगंज प्रमुख अमित प्रताप सिंह, ब्लाक अध्यक्ष लालजी यादव, भुवनेश्वर शुक्ल, केडी


जनसभा को संबोधित करते सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी।

मिश्र, महमूदआलम, श्रीराम वर्मा, एबादुर्रहमान, जिपंस रघुनाथ सरोज, महन्थ द्विवेदी, सुनील त्रिपाठी, आनंद पाण्डेय, रज्जन उपाध्याय, राकेश चतुवेर्दी, जावेद, जीतलाल वर्मा, राहुल मिश्र, नामवर सिंह, सुरजीत कोरी, अवधेश सिंह, आलोक सिंह, रामराज वर्मा, हृदय नारायण मिश्र, छोटे लाल सरोज, रामू मिश्र, मुकेश तिवारी, पप्पू जायसवाल, सोनू शुक्ल, संतोष तिवारी आदि रहे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जिला कारागार का किया वर्चुअल निरीक्षण, जेल अधिकारियो को दिया गया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देश व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकारण संजय शंकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला कारागार का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी द्वारा वर्चुअल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपजेलर अवधेश कुमार राय द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में 1162 बन्दी निरूद्ध है जिसमें 1031 विचाराधीन बन्दी है। इसमें 21 महिला तथा 938 पुरूष बन्दी शामिल है। सिद्धदोष बन्दियों की संख्या 127 बतायी गयी जिसमें 06 महिला बन्दी व 121 पुरूष बन्दी शामिल है। जेल अस्पताल में कुल 12 बन्दियों का उपचार चल रहा है।

यह भी बताया गया कि जिला कारागार में एक बन्दी कोरोना पाजिटिव पाये गये है जिन्हें अन्य बन्दियों से अलग रखा गया है जिसका उपचार चल रहा है। जिला कारागार को पूरी तरह से सेनेटाइज कराया जा चुका है, प्रतिदिन जेल में बन्दियों के लिये कोरोना जांच की व्यवस्था है। जिला कारागार में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को कोरोना की बूस्टर डोज लगा दी गयी है। वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से बन्दी अब्दुल रसीद ने बताया कि उसको पैरवी के लिये पैनल अधिवक्ता मिले है जो मुकदमें की पैरवी करते है, बन्दी विनय कुमार शर्मा, समरजीत ओझा ने बताया कि उनके मुकदमें की पैरवी उनके निजी अधिवक्ता द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर सचिव द्वारा बन्दियों को उनके अधिकारों एवं प्लीबारगेनिंग के सम्बन्ध में विधिक जानकारी देते हुये जागरूक किया गया। वर्चुअल जेल निरीक्षण के दौरान जेल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिला कारागार की प्रतिदिन साफ सफाई कराने के साथ साथ सेनेटाइज कराया जाए। इस अवसर पर उप जेलर अवधेश प्रसाद राय, जेल विजिटर विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट उपस्थित रहे।

## 243 किलो गांजा व कंटेनर के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी पट्टी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कंधई सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र कंधई के नारायनपुर तिराहा ग्राम नारायनपुर से अभियुक्त रत्नेश यादव पुत्र बैजनाथ यादव उम्र करीब 32 बर्ष निवासी जमदरा थाना सरपतहा जिला जौनपुर को कंटेनर से अवैध गांजा 243 किलो ग्राम अभियुक्तगण द्वारा परिवहन करते हुए मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया गया। जनपद में अब तक का सबसे बड़ा गांजा खेप बरामद किया बताया जा रहा है। बरामद करने वाली टीम कंधई कोतवाल सत्येंद्र सिंह मय थाना फोर्स व स्वाट टीम प्रभारी सुनील कुमार यादव मय स्वाट टीम के नेतृत्व में संभव हो पाया है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मैं और मेरे दो और साथी मिलकर यह अवैध गांजा का धन्धा करते हैं, गांजा बेचने से जो पैसा मिलता है, उसे हम आपस में बांट लेते हैं। हम लोग यह गांजा उड़ीसा से लाकर जनपद प्रयागराज में रखते हैं। हमतीनों में हमारा एक साथी जनपद प्रयागराज का है, जिसके घर पर हम अवैध गांजा रखते हैं। यह गांजा प्रयागराज से लादकर मैं शाहगंज, जौनपुर बेचने जा रहा था कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

# दीन दुखियों की परेशानियों को दूर करते थे ख्वाजाः मुख्तार अहमद हबीबी

## मदरसा गुलशने मदीना में धूमधाम से मना उर्से ख्वाजा गरीब नवाज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पल्टन बाजार स्थित मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना में उर्से ख्वाजा गरीब नवाज बडे. ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मदरसे में ख्वाजा गरीब नवाब के जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा नात ख्वानी, फातेहा ख्वानी की गई।इस दौरान अध्यक्षता करते हुए मदरसा के प्रबंधक मौलाना मेराज अहमद हबीबी ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती इस्लाम धर्म के एक ऐसे महान सूफी संत रहे हैं, जो गरीबों के मसीहा थे। खुद भूखे रहकर दूसरों को खाना खिलाते थे। संचालन करते हुए मदरसा के प्रधानाचार्य मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दीन दुखियों के दुखों को दूर करते थे। वो अल्लाह के सच्चे बंदे थे। उनको मानने वालों में से राजा से लेकर रंक, नेता से लेकर अभिनेता तक हैं, जो ख्वाजा गरीब नवाज की जियारत के लिये हमेशा तैयार रहते हैं, जिनकी दरगाह आज भी हिन्दुस्तान की सरजमीं को रोशन कर रही है। इस मौके पर मौलाना अख्तर हुसैन, मौलाना समीउल्ला, हाफिज दाऊद, मौलाना निसार अहमद, मौलाना एजाज अहमद, मौलाना रेहान अहमद, मौलाना महताब आलम, रिजवान अहमद, कदीम अहमद, मो0 फिरोज आदि लोग मौजूद रहे।


पल्टन बाजार में आयोजित उर्स में सजा मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना।

## दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गयी। अधेड़ की मौत की खबर परिजनों को मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के उछापुर निवासी स्व. श्यामशंकर पाण्डेय के पुत्र दयाशंकर पाण्डेय (60) साइकिल से पडोसी रायबरेली जिले के साहबगंज बाजार से घर वापस आ रहा था। इसी बीच सामने से तेजगति से आ रही एक स्कूली बस ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे घायल दयाशंकर पाण्डेय को गंभीर चोटें आ गयी।

## खबर संक्षेप

### विधानसभा चुनाव व्यय प्रेक्षक की हुई तैनाती

**कौशाम्बी।** व्यय सम्बन्धी किसी भी समस्या शिकायत के लिए व्यय प्रेक्षक के दूरभाष नम्बर-7398158531 पर समपर्क कर सकते है भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद के लिए व्यय प्रेक्षक अंजुलता को नामित किया है व्यय प्रेक्षक का दिनांक 07 फरवरी 2022 को जनपद में आगमन हो चुका है। आमजन राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व्यय सम्बन्धी किसी भी समस्या शिकायत के सम्बन्ध में व्यय प्रेक्षक के दूरभाष नम्बर-7398158531 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं व्यय प्रेक्षक की लाईजन अफसर सहायक श्रमायुक्त श्रीमती शक्ति राय हैं। जिनके मोबाइल नम्बर-9335291004 पर भी संपर्क करें शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत, खेत में मिला शव

**पुलिस का मानना है कि शराब का नशा अधिक होने से अधेड़ की हुई है मौत**

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** पइंसा थाना क्षेत्र के अफजलपुर वारी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत हो गई अधेड़ का शव खेत में पड़ा मिला लोगों ने देखा तो मामले की सूचना परिवार वालों को दी तहरीर मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मिली जानकारी के मुताबिक पैसा क्षेत्र के अफजलपुर वारी निवासी आबिद उम्र 55 वर्ष पुत्र शब्बीर खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था मवेशियों के लिए हरा चारा लेने की बात कहकर सोमवार की शाम वह घर से निकला था



मृतक की फाइल फोटो

लेकिम देर रात तक नहीं लौटा काफी खोजबीन के बाद उसका सुराग नहीं लगा मंगलवार की सुबह गांव के लोग जब खेतो की ओर गए तो देखा कि गांव के बाहर खेत के पास उसका शव पड़ा है लोगों ने शव देखा तो जानकारी परिवार वालों को दी जिसके बाद रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की तहरीर पुलिस को दी पुलिस ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना को लेकर थाना अध्यक्ष ने बताया कि अधेड़ के शव के पास शराब की खाली पड़ी बोतल मिली है। और शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है ऐसे में प्रथम दृष्टया मामला नशा ज्यादा होने से मौत का प्रतीत हो रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही जानकारी हो सकेगी घरवालों की ओर से किसी पर आरोप नहीं लगाया गया है।

## दबंगों ने पूरे कुनबे पर हमला कर किया लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के म्योहर गांव में 06 फरवरी की दोपहर को दबंगों ने माधुरी दुबे और उनके पूरे परिवार पर लाठी-डंडे से हमला कर लहूलुहान कर दिया है। इस हमले में माधुरी दुबे पत्नी सुरेश दुबे उनका बेटा बालकेश दुबे बहू प्रभा दुबे और नातिन सोनाली दुबे को चोटे आई हैं घायलों को इलाज के लिए परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया है। मामले की तहरीर स्थानीय थाना पुलिस को परिजनों ने दी है लेकिन घटना को 2 दिन बीत जाने के बाद भी मामले में पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है आरोप है कि हमलावर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।

**मामले की तहरीर स्थानीय थाना पुलिस को परिजनों ने दी**

घटनाक्रम के मुताबिक 6 फरवरी को माधुरी दुबे पत्नी सुरेश चंद्र दुबे निवासी म्योहर थाना करारी अपने घर के बाहर घरेलू कार्य कर रही थी इसी बीच गांव के शिव बाबू सुधीर कुमार व अन्य लोग लाठी डंडा लेकर माधुरी दुबे के पास पहुंचे और गाली गलौज करने लगे दबंगों के उत्पात को देखकर माधुरी देवी घर के भीतर घुस गई जिस पर दबंगों ने घर में घुसकर माधुरी देवी उसके बेटे बालकेश बहु प्रभादेवी और नातिन सोनाली को लाठियों से पीट दिया है जिससे पूरे परिवार को चोटें आई हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया गया है और मामले की सूचना पुलिस को दी गई है लेकिन 2 दिन बीत जाने के बाद भी हमलावरों की गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की है और मामले में आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा भी नहीं दर्ज किया है हमले में घायल परिजनों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### दहेज लोभी युवक की भीड़ ने जमकर की पिटाई

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र की एक लड़की की सगाई करारी थाना क्षेत्र के एक लड़के के साथ हुई थी लड़की के मां से उसकी जमीन दान में लेने के बाद लड़के ने दहेज की डिमांड और बढ़ा दी जब लड़की पक्ष ने दहेज देने से इनकार किया तो उसने बरात लाने से इंकार कर दिया मामला तूल पकड़ लिया और पुलिस की चौखट तक पहुंच गया सोमवार को भीड़ ने लड़के को पकड़कर जमकर धुनाई कर दी है और दहेज में दी गई दान की भूमि वापस लड़की के मां के नाम सरकारी अभिलेखों में दर्ज करा दिया है। जानकारी के मुताबिक गीता देवी पत्नी स्वर्गीय राजू साहू ग्राम मलाक नगर उर्फ. बिराई बाद थाना चरवा की लड़की मालती साहू का रिश्ता अनिल कुमार गुप्ता पुत्र रामनरेश गुप्ता निवासी ग्राम खोजवा पुर मजरा रतवारा थाना करारी के साथ 1 वर्ष पूर्व तय हुआ था अनिल कुमार गुप्ता ने कन्या की माता को दबाव डालकर उनकी भूमि दान में ले ली कन्या की माता ने बताया कि जमीन गाटा संख्या 17 क्षेत्रफल 2.1 80 में 1 बटा 4 भाग का बचा संपूर्ण भाग जो 1 बीघा 4 बिस्वा है उक्त भूमि दान में लड़के ने अपने नाम तहसील के अभिलेखों में दर्ज करा लिया जमीन लेने के बाद हिंदू रीति रिवाज से कन्या और लड़का की सगाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें लड़की पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया और सगाई में शामिल रिश्तेदारों को भी विदाई के नाम पर रुपये दिया गया सगाई की रस्म संपन्न होने के बाद लड़के पक्ष की दहेज की डिमांड बढ़ गई और उसने दहेज में तीन लाख नगद व मोटरसाइकिल बुलेट की मांग किया दहेज न देने पर शादी करने से इनकार कर दिया बारात के लिए निश्चित की गई तारीख पर लड़का पक्ष बारात लेकर लड़की के घर नहीं पहुंचा इसी के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और मामला थाना तक पहुंच गया भीड़ ने आज लड़के को पकड़कर जमकर धुनाई कर दी है और लड़की के माता द्वारा दिए गए दान की जमीन को वापस करा दिया है इन दहेज लोभी के ऊपर अब पुलिस क्या कार्यवाही करती है यह भविष्य के गर्त में है।

### दहेज हत्या के अभियुक्तों को सुनाई गई सजा

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पर पंजीकृत डीपी एक्ट के तीन अभियुक्तों राम नरायण उर्फ नरायण दास सोनकर पुत्र बच्ची लाल सोनकर (पति)व बच्चीलाल सोनकर पुत्र छब्बीर सोनकर (ससुर) व सुदामा देवी पत्नी बच्चीलाल सोनकर (सास) निवासीगण जुबरा नारा थाना मंझनपुर को न्यायालय एडीजे एफटीसी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त रामनरायण उपरोक्त को 14 वर्ष सश्रम कारावास व अभियुक्त बच्चीलाल तथा सुदामा देवी उपरोक्त को 7-7 वर्ष सश्रम कारावास तथा प्रत्येक को 30-30 हजार रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया तथा अर्थदण्ड न देने पर 09-09 माह का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया।

### मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कडाधाम पुलिस उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार मय हमराही पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त ओम सिंह उर्फ अमित उर्फ डब्बू पुत्र पप्पू यादव निवासी रामपुर बढनावा थाना कडाधाम को भोला चौराहा के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से एक अदद मोटर साइकिल हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्लस वढ7308089 व 2400 रुपए बरामद कर अभियुक्त को विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

### दीवार गिराने का विरोध करने पर महिला और उसके बेटे को दबंगों ने पीटा

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र की विधवा महिला के घर की दीवार को गिर कर दंबग अपनी दीवार खड़ी कर रहे हैं महिला ने मना किया तो दंबगो ने विधवा महिला और उसके बेटे के साथ गाली गलौज कर मारपीट किया है। जानकारी के मुताबिक कड़ाधाम थाना क्षेत्र के ग्राम म्योहरा दारानगर गांव की रहने वाली मन्नो निशा पत्नी स्वगीय नजीर अहमद की घर की दीवार को जबरन दबंग गिरकर अपनी दीवार खाड़ी करने लगे जिस पर महिला ने दंबगो को दीवार गिराने से रोका महिला के विरोध करने पर उसको और उसके बेटे के साथ मारपीट की गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

## 6 बार चुनाव हारने के बाद भी 7वी बार राजेंद्र सोनकर ने किया नामांकन

**बार-बार पराजय का मुंह देखने के बाद भी नहीं हुआ राजेंद्र सोनकर का हौसला कम, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या को हराकर भारी बहुमत से जीत दर्ज करने का सपना संजोए है राजेंद्र सोनकर**

**कौशाम्बी।** राजनीति में बार-बार पराजय का मुंह देखने के बाद भी राजेंद्र सोनकर का हौसला कम नहीं हुआ है और सातवीं बार उन्होंने फिर विधानसभा सिराथू से राष्ट्रीय लोकदल प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है बताते चलें कि आम जनता के बीच मधुर स्वभाव के धनी राजेंद्र सोनकर आम जनता की समस्याओं पर हमेशा उनके साथ खड़े रहते हैं लेकिन बदलते परिवेश में जनता भी आधुनिक चकाचौंध में ईमानदार नेताओं का साथ नहीं दे पाती है जिससे राजेंद्र सोनकर को 6 बार लगातार पराजय का मुंह देखना पड़ा है राजेंद्र सोनकर ने वर्ष 2002 में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से सिराथू विधानसभा से नामांकन किया था लेकिन उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा इसके बाद राजेंद्र सोनकर ने वर्ष 2007 में फिर सिराथू विधानसभा से नामांकन पत्र दाखिल किया इस बार भी उन्हें करारी शिकस्त मिली लेकिन उनका हौसला कम नहीं हुआ वर्ष 2009 में उन्होंने फिर लोकसभा का चुनाव राष्ट्रीय लोक दल पार्टी से लड़ा लेकिन इस बार भी उन्हें निराशा हाथ लगी और जनता ने उन्हें करारी पराजय दी लेकिन उन्होंने इस पराजय को स्वीकार कर लिया और 2012 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोक दल से राजेंद्र सोनकर ने फिर सिराथू विधानसभा से पर्चा दाखिल किया लेकिन उनकी किस्मत ने साथ नहीं दिया उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोक दल से राजेंद्र सोनकर ने फिर किस्मत आजमाई लेकिन उनकी किस्मत धोखा दे गई उन्हें फिर राजनीतिक दलों ने करारी शिकस्त दी बार बार चुनाव हारने के बाद भी राजेंद्र सोनकर का हौसला कम नहीं हुआ और उन्होंने वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में सिराथू विधानसभा से फिर नामांकन कर दिया लेकिन इस बार भी उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा किन्ही कारणों से 2019 के लोकसभा चुनाव में राजेंद्र सोनकर ने नामांकन नहीं किया था लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोक दल के बैनर तले सिराथू विधानसभा से राजेंद्र सोनकर ने फिर नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है उन्हें भरोसा है कि इस बार सिराथू विधानसभा सीट से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को और अपना दल कमेरा वादी की पल्लवी पटेल को वह भारी मतों से पराजित कर विजई घोषित होंगे अब राजेंद्र सोनकर की किस्मत साथ देती है कि नहीं यह भविष्य के गर्त में है।

## विधायक संजय गुप्ता ने अझुवा में किया जन संवाद, मांगा डिप्टी सीएम के लिए समर्थन

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** विधान सभा चुनाव के लिए सभी पार्टियों ने कमर कस ली है कुछ नामांकन कर रहे हैं तमाम नेता अपनी पार्टी के प्रत्याशी के लिए प्रचार कर समर्थन मांग रहे हैं उसी कड़ी में चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता नगर पंचायत अझुवा के सब्जी मंडी में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित होकर मौजूद भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रत्याशी 251 सिराथू विधानसभा से विधायक प्रत्याशी हैं और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को भारी बहुमत से जीत दर्ज कराना है उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के प्रत्याशियों की जमानत जप्त करानी होगी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की जीत के लिए उन्होंने नगर के व्यापारियों आम जनमानस से समर्थन मांगा इस दौरान उन्होंने कहा कि हम विधायक तो चुन ही रहे हैं साथ में उप मुख्यमंत्री को मतदान कर रहे हैं इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी सरकार की उपलब्धियों का बखान भी किया है संजय गुप्ता विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने चाहे गंगा नदी



नगर वासियों को संबोधित करते हुए विधायक संजय गुप्ता

में पुल हो रेलवे ओवरब्रिज हो सड़कों का जाल हो सड़कों का चौड़ीकरण हो बिजली की समुचित व्यवस्था हो और सबसे बड़ी बात व्यापारियों की सुरक्षा रही हो सभी मामले में भाजपा की सरकार ने आम जनता के हित को ध्यान में रखा है संजय कुमार गुप्ता ने आने वाली 27 फरवरी को मतदान दिवस के अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद के पक्ष में भारतीय जनता पार्टी के निशान पर अधिक से अधिक मत देने की अपील की है इस अवसर पर प्रशांत केसरवानी,सौरभ केसरवानी आनन्द केसरवानी नरसिंह यादव करन सिंह बड़ेलाल केसरवानी सुरेश केसरवानी सहित नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता एवम नागरिक मौजूद रहे।

## लघु एवं कुटीर उद्योग से मिटाई जा सकती है गरीबी : सुशील जय हिंद

**सुशील जय हिंद ने कहा कि जीते विधायको ने आम जनता की समस्याओं में ध्यान दिया होता तो उन सभी समस्याओ का हो जाता समाधान**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जय जवान जय किसान मंच के संयोजक समर्थ किसान पार्टी के प्रत्याशी सुशील जय हिंद ने मंगलवार को मनौरी गांव मीरपुर गोदिया व अन्य गांव में जनसंपर्क अभियान जारी रखा उन्होंने कहा कि जो विधायक जीत कर जाते हैं जनता की तरफ ध्यान नहीं देते हैं अगर जनता की तरफ ध्यान देते तो गरीबी मिट गई होती है गांव क्षेत्र में लघु एवं कुटीर उद्योगों की जरूरत होती है और इस पर किसी विधायक ने कोई काम नहीं किया उन्होंने कहा कि अब बदलाव करना बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए काम करना चाहिए और मैं गरीबों के लिए काम करूंगा मैं क्षेत्र में लघु एवं कुटीर उद्योग लगवाऊंगा गरीबी को खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रयास करूंगा नौजवानों का बेरोजगारों मजदूरों का पूरा ध्यान रखा जाएगा



प्रचार के दौरान समर्थकों के साथ खड़े पार्टी प्रत्याशी सुशील जय हिंद

जनसंपर्क के दौरान आज उनकी टीम के साथ में समर्थ पार्टी के महासचिव मनोज सोनी विकास चौहान अतुल चौहान सुरेंद्र पासी मोहन सिंह विपिन दीनानाथ पाल जगन्नाथ सरोज राकेश चौहान विनय भट्ट व अन्य लोगों ने कोविड का ध्यान रखते हुए जनसंपर्क किया।

## मूरतगंज के आरोग्य नर्सिंग होम के लापरवाही के चलते गई नवजात शिशु की जान

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना अन्तर्गत पट्टी परवेजबाद निवासी आशीष कुमार ने अपनी चाची प्रीति जायसवाल को प्रसव पीड़ा होने पर नजदीक के आरोग्य नर्सिंग होम में एडमिट कराया जहां चिकित्सकों ने कहा प्रसव नार्मल है घबडाने की कोई बात नहीं है दो दिन नर्सिंग होम में भर्ती रही किंतु प्रसव नहीं हुआ तब वहां मौजूद एक मैडम ने कहा कि परेशान न हो सब सही होगा किंतु घर वालो ने उसे प्रयागराज के हॉस्पिटल में ले गए वहां के चिकित्सकों ने जांच की और बताया कि बच्चे की पेट में मृत्यु हो गई है घर वालो ने आरोग्य नर्सिंग होम पर आरोप लगाया कि यहां के स्टाफ की लापरवाही से ही बच्चे की मृत्यु हुई है परिजनों ने शिकायती पत्र के माध्यम से थाना कोखराज को अवगत कराया है परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## जनसत्ता दल प्रत्याशी के नगर भ्रमण के दौरान व्यापारियों में गजब का उत्साह

**व्यापारियों ने कहा कि भाजपा सपा बसपा ने व्यापारियों को टिकट न देकर उनका अपमान किया**

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** जनसत्ता दल के चायल प्रत्याशी अनिल कुमार का भरवारी कस्बे में भ्रमण के दौरान व्यापारियों में गजब का उत्साह रहा है और जगह जगह नगर वासियों ने प्रत्याशी अनिल केसरवानी का भव्य स्वागत किया है। जनसत्ता दल द्वारा चायल विधानसभा से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद अनिल कुमार भरवारी कस्बे में व्यापारियों से मिलने गए थे जहां व्यापारियों के बीच उत्साह दिखाई पड़ा है जनसत्ता दल प्रत्याशी के भ्रमण के दौरान भीड़ के चलते कस्बे में जाम की स्थिति बन गई और जाम से घंटों लोग परेशान रहे प्रचार के दौरान नगर वासियों ने राजा भैया जिंदाबाद के नारे लगाकर प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया प्रचार के दौरान नगर के व्यापारियों ने कहा कि भाजपा समाजवादी बसपा ने व्यापारियों को टिकट न देकर उनका अपमान किया है इसलिए व्यापारी समाज राजा भैया की पार्टी के प्रत्याशी के साथ विधानसभा चुनाव में खुलकर रहेगा जगह जगह पुरुषों महिलाओं ने तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर विजय होने का आशीर्वाद जनसत्ता दल के प्रत्याशी को दिया है। प्रचार के दौरान कस्बे में भीड़ इतनी ज्यादा हो गई कि रेलवे गेट खुल गया तो बंद होने में केबिन मैन को बड़ी मशककत करनी पड़ी। इस बीच ठेला में गम्भीर बीमारी से जूझ रहें मरीज को कुछ आर्थिक मदद कर सात्वना देने का काम भी उन्होंने किया जनसत्ता दल प्रत्याशी अनिल केसरवानी के नगर भ्रमण के दौरान राकेश अरोड़ा सुरेश केशरवानी श्री किशन आकाश सुशील कुमार आस्था रेडीमेड अतिन कुमार अमित कुमार राजेश सीमेंट भगवान दास कौशल पार्टी के जिला उपाध्यक्ष इरफान भाई रेहान अहमद मंगल सिंह राजू सिंह प्रधान मयंक सिंह गजराज पाल अशोक केशरवानी चन्द्र बोस हिमांशु अशोक चाचा बीरेंद्र केशरवानी चाचा आदि मौजूद रहे।

### जनसत्ता दल प्रत्याशी अनिल केसरवानी ने किया नामांकन

**भरवारी कौशांबी।** जनसत्ता दल के चायल विधानसभा प्रत्याशी अनिल केसरवानी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है नामांकन के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महा सचिव पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार जिला अध्यक्ष मजीद भाई बलवीर सिंह चौहान अश्वनी सिंह जिला उपाध्यक्ष इरफान अहमद राजू सिंह मंगल सिंह सिफियांन भाई सुनील कुमार सिंह मयंक सिंह नागेश अग्रहरी मनीष त्रिपाठी आदर्श ठाकुर सुधीर केशरवानी मुन्ना केशरवानी श्रीकिशन पल्लो केशरवानी रामू भाई सहित हजारो लोग मौजूद थे नामांकन के बाद जनसत्ता दल प्रत्याशी अनिल केसरवानी ने कहा कि व्यापारियों मजदूरों किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और उनकी समस्याओं को विधानसभा में चर्चा उठाई जाएगी उन्होंने कहा कि सपा बसपा भाजपा ने व्यापारियों को टिकट न देकर व्यापारी समाज का अपमान किया है और व्यापारी समाज इन राजनीतिक दलों को इस विधानसभा चुनाव में सबक सिखाएगा।

## कांग्रेस नेता रजनीश पांडेय ने किया बगावत

**कौशाम्बी।** लंबे समय से विधानसभा चायल से टिकट मांग रहे कांग्रेसी नेता रजनीश पांडेय को इस बार भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने टिकट दिलाए जाने का आश्वासन दिया था लेकिन ऐन वक्त पर पार्टी में रजनीश पांडेय का टिकट काटकर तलत अजीम को प्रत्याशी घोषित कर दिया है जिससे रजनीश पांडेय आक्रोशित हो गए और उन्होंने कांग्रेस पार्टी से बगावत शुरू कर दी है सूत्र बताते हैं कि अपने 100 लोगों के साथ रजनीश पांडेय ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है हालांकि यह विधानसभा चुनाव है और 100 लोगों के त्यागपत्र दे देने से पार्टी को बड़ा फर्क पड़ने वाला नहीं है।

### बसपा से दो प्रबल दावेदार असमंजस में शीर्ष नेतृत्व

**कौशाम्बी।** सिराथू विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी के टिकट का दावा कर जहां संतोष त्रिपाठी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है वहीं मुनसब उस्मानी ने भी बसपा से दावेदारी कर मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है अब पार्टी का शीर्ष नेतृत्व किसे टिकट देता है यह 2 दिन बाद स्पष्ट होगा लेकिन अभी दोनों प्रत्याशी अपने को प्रबल दावेदार बता रहे हैं सिराथू विधानसभा से भाजपा ने डिप्टी सीएम केशव मौर्या को प्रत्याशी घोषित किया है जिससे अन्य राजनीतिक दल के नेताओं की हालत पतली है और इसी के चलते मजबूत प्रत्याशी की तलाश में बार-बार प्रत्याशी बदले जा रहे हैं इसलिए आशंका जताई जा रही है कि संतोष त्रिपाठी का टिकट बसपा से कट सकता है।

### पार्टी की नीति बनेगी विद्रोह का कारण

**कौशाम्बी।** चायल विधानसभा सीट पर भी भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी घोषित करने में हिला हवाली कर कई नेताओं को चुनाव में प्रत्याशी घोषित करने का संकेत में इशारा कर दिया था जिससे कई प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जी जान से जुट गए थे लेकिन ऐन वक्त पर चायल विधानसभा सीट भी अपना दल एस के खाते में देकर नरेंद्र प्रताप सिंह पटेल को अपना दल एस भाजपा गठबंधन से प्रत्याशी घोषित कर दिया जिससे भाजपा खेमे में टिकट के दावेदार नेताओं में मायूसी व्याप्त है और पार्टी के इस दोहरी नीत का खामियाजा अपना दल एस प्रत्याशी को जरूर भुगतना पड़ेगा।

## पहले नामांकन फिर सौदेबाजी के बाद दूसरे प्रत्याशी को समर्थन की अपील वाले भी प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** विधानसभा चुनाव तमाशा बनकर रह गया है तमाम ऐसे स्वार्थी मक्कार लोग भी नामांकन करने पहुंच रहे हैं जो नामांकन करने के बाद दूसरे प्रत्याशियों पर यह कह कर रौब गांठते हैं कि उनकी मतदाताओं के बीच इतनी पकड़ है कि खुद चुनाव तो नहीं जीत सकते हैं लेकिन दूसरे का बना हुआ चुनाव बिगाड़ कर चुनाव हरा देंगे इसलिए सौदेबाजी शुरू होती है लाख दो लाख मिलने के बाद इस तरह के बिकाऊ चिरकुट प्रत्याशी समझौता कर लेते हैं और फिर जिससे पैसा मिल जाता है उसे अपना खास समाज का जनसेवक बताकर उस के पक्ष में आम जनता से मतदान करने का प्रचार करने लगते हैं बीते विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी इस तरह के बरसाती मेंढक टाइप के प्रत्याशियों ने नामांकन किया था जो बाद में रकम लेकर दूसरे प्रत्याशी के चरणों में गिर पड़े थे और विधानसभा चुनाव 2022 में भी इस तरह के समाज विरोधी लोगों ने भी नामांकन कर दावा ठोक दिया है दूसरे के हाथ बिक जाने वाले प्रत्याशी अभी बड़े-बड़े डींग हॉक रहे हैं उनका कहना है कि इस बार खुद चुनाव भी जीतेंगे मतदान नजदीक आते आते इस तरह के प्रत्याशी दूसरे के कार्यालय में जी हुजूरी करते देखे जाते हैं आखिर इस तरह के प्रत्याशियों से मतदाताओं को भी सावधान रहने की जरूरत है जो मतदाताओं के वोट का ठेका लेकर दूसरों से धनादोहन करते हैं।

### पल्लवी पटेल के नामांकन में समाजवादी पार्टी के बड़े नेता का ना पहुंचना दे रहा बड़ा संकेत

**कौशांबी।** समाजवादी पार्टी ने सिराथू विधानसभा से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के विरोध में अपना दल कृष्णा गुट की पल्लवी पटेल को प्रत्याशी घोषित कर दिया है पल्लवी पटेल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुँचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है लेकिन पल्लवी पटेल के नामांकन के समय समाजवादी पार्टी का कोई भी बड़ा नेता नहीं दिखाई पड़ा है जिससे अपना दल कृष्णा गुट को टिकट दिए जाने के बाद समाजवादी पार्टी में भितरघात की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं पल्लवी पटेल भले ही कह रही हो कि कौशांबी उनकी ससुराल है लेकिन अपनी भाभी की एक झलक पाने के लिए भी समाजवादी पार्टी के समर्थक नहीं पहुंचे हैं नामांकन के समय अपना दल समाजवादी पार्टी के गठबंधन प्रत्याशी पल्लवी पटेल के साथ समाजवादी पार्टी के नेताओं की इतनी बेरुखी किसी बड़े परिवर्तन के संकेत दे रहे हैं।

### टिकट का लालच देकर एन वक्त पर नकार देने से नेता हुए नाराज

**पार्टी की दोहरी नीति के चलते चुनाव में पार्टियों को उठाना पड़ेगा भारी नुकसान**

**कौशाम्बी।** आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में सिराथू विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने टिकट की घोषणा करने में नेताओं को कठपुतली की तरह घुमाना शुरू कर दिया था स्पष्ट तौर से पार्टी ने किसी नेता को जवाब नहीं दिया था सभी नेताओं को मेहनत करने की बात कह कर मैदान में भेज दिया गया था जिससे समाजवादी पार्टी से सिराथू विधानसभा सीट पर कई नेताओं ने यह मानकर मेहनत शुरू कर दी कि आने वाले दिनों में पार्टी उन्हें जरूर टिकट देगी लेकिन ऐन वक्त पर समाजवादी पार्टी ने अपना दलकमेरा वादी से पल्लवी पटेल को प्रत्याशी घोषित कर दावेदार पार्टी नेताओं को मायूस कर दिया है पार्टी की इस दोहरी नीति का खामियाजा पार्टी प्रत्याशी को भुगतना पड़ेगा पल्लवी पटेल के नामांकन के दौरान स्पष्ट तौर से समाजवादी पार्टी नेताओं का विद्रोह देखा गया है।

### पल्लवी पटेल तलत अजीम सहित 22 प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

**कौशांबी।** विधानसभा चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन में कांग्रेस प्रत्याशी तलत अजीम अपना दल कमेरावादी समाजवादी गठबंधन से पल्लवी पटेल सहित 22 प्रत्याशियों ने चायल सिराथू मंझनपुर से नामांकन पत्र दाखिल किया है राष्ट्रीय लोक दल से राजेंद्र सोनकर आजाद समाज पार्टी से राजेंद्र सिंह पटेल एआईएमआईएस से मोहिबुल हक राष्ट्रीय उदय पार्टी से लाल बहादुर आजाद समाज पार्टी से धर्मेंद्र कुमार अमित सिंह अमरावती बालचंद्र शशि कुमार सुरेंद्र कुमार आदि ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है।

## संपादक की कलम से

# एक्ट्रेस द्वारा ब्रा पर दिया गया ब्यान कितना सही कितना गलत

**अभिनेत्री** श्वेता तिवारी द्वारा दिया गया ब्यान समाचार पत्रों में पढ़ा और उस पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कार्यवाही की जाना कितना उचित होगा। ? हर जीव का जन्म भगवान् की कृपा से ,माता पिता के संपर्क से होता हैं। ऐसे लाखों लोग हैं या स्त्री पुरुष हैं जिनका जन्म भगवान् की कृपा से और माता पिता के संपर्क से होने के बाद भी संतान हीन हैं इसमें किसका दोष हैं। यानी दोनों होते हुए भी संतान नहीं पैदा कर पाते हैं। इसका मुख्य कारण स्त्री- पुरुष में शारीरिक कमी होने से या ईश्वर की मर्जी न होने पर।

वैसे संसार की रचना भगवान् द्वारा की जाती हैं, जब जब कण कण में भगवान् होते हैं फिर जीवित जीव को तो भगवान संचालित करते हैं। जब हम ईश्वरीय शक्ति पर इतना विश्वास करते हैं तब हमारे शरीर के अंग प्रत्यंगों का निर्माण भी उनके द्वारा होता हैं। यह बात जरूरी हैं की इनके विकास में हमारे खानपीन का बहुत महती योगदान हैं। जैसा हमारा खाना पीना रहन सहन होता हैं वैसा विकास भी होता हैं। वैसे हर स्त्री -पुरुष की संरचना जन्म के समय सामान्य होती हैं पर जो जो विकास होता जाता हैं वैसे वैसे परिवर्धन और परिवर्तन होता हैं। वैसे हर व्यक्ति के शरीर का माप अलग अलग होता ही हैं और उनको अपनी फिटिंग के अनुरूप माप देना और लेना पड़ता हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं रहती हैं। मानव की आँखे सब कुछ भांप और जान लेती हैं। मनुष्य की निगाहों से कुछ नहीं बचा हैं और यह कोई नई और अजीब बात नहीं हैं। जब कोई कलाकार किसी की मूर्ति बनाता हैं और वह मूर्ति पसंद भी की जाती हैं जो समानुपातिक हो ,बेढंगी मूर्ति ,फोटो ,कलाकार को कोई पसंद नहीं करता।

फिल्मी दुनिया में हर कोण से सब आनुपातिक देखी और बनाई और बनवाई जाती हैं जो समयानुसार परिवर्तनशील होती हैं। अभिनेत्री का कथन अशोभनीय नहीं हैं। उन्होंने ठीक कहा उनका साइज भगवान् और चलित भगवान (डायरेक्टर प्रोडूसर एक्टर,फोटोग्राफर )के अनुसार बनाये जाते हैं। आज कॉस्मेटिक सर्जरी के कारण अपने मुताबिक परिवर्तन भी किया जाता हैं तब भगवान् का मापदंड बिगड़ जाता हैं ।

# बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को सबसे ज्यादा राशि आवंटित किए जाने की जरूरत है

-कमलेश पांडेय-

**कोई** भी सरकार आम बजट आम जनता की सहूलियत व सुविधाओं के लिए बनाती है या फिर बार बार पूंजीपतियों के हितों को तवज्जो देती है, इसको लेकर अधिकांश लोग गलतफहमी में रहते हैं और इधर उधर की तरह तरह की बातें करते आये हैं। हालांकि, कोरोना काल में स्वास्थ्य सुविधाएं सबकी प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए हमने बजट 2022 के बहाने डॉक्टरों से ही यह जानने व समझने की कोशिश की है कि इस साल के बजट से सरकार से उनकी क्या क्या अपेक्षाएं हैं और वह आम जनता व खास तबके के साथ साथ इस स्वास्थ्य सिस्टम के लिए कितना जरूरी है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि पेशेवर चिकित्सकों ने उन अनछुए पहलुओं को भी उठाया है, जिसके बारे में आमलोग सोच भी नहीं सकते हैं। सबके लिए आवश्यक मेडीक्लेम पालिसी, सरकारी व निजी चिकित्सा दर, दवा की कीमत, नियमित स्वास्थ्य जांच, मोबाइल चिकित्सा वाहन और स्वास्थ्य मार्च की जरूरत आदि ऐसी सुविधाएं हैं, जिस पर यदि ध्यान दिया जाएगा तो हमारे देश के स्वास्थ्य सुविधाओं में एक बड़ा बदलाव आ सकता है। बजट 2022 में डॉक्टरों को सरकार से क्या अपेक्षाएं हैं, इस पर बोलते हुए यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के वरिष्ठ सर्जन डॉ जे एस लांबा ने कहा कि चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा पर बहुत तवज्जो देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर तो हर रोज कभी मरीजों की कमियों से तो कभी



रोगों की आक्रामकता से जंग लड़ता है और दुश्मन रूपी बीमारी कभी-कभी ना आ कर के रोज ही सुरसा सा मुंह बाए खड़ी रहती है। ऐसे में जिनके पास मेडिक्लेम पॉलिसी है या जिनको उनकी कंपनी की तरफ से सरकारी या निजी चिकित्सा सुविधा दिलवाने का प्रावधान है, वह तो अस्पतालों में जाकर आसानी से इलाज करा लेते हैं। लेकिन अधिकतर लोग जो मध्यमवर्गीय या बिलो पावर्टी लाइन में आते हैं, उनको इलाज कराने के लिए बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इस वर्ग के लिए चिकित्सा सुविधाओं को और आगे बढ़ाने की आज जरूरत है। वहीं, डॉ के के पाण्डे, वरिष्ठ पल्मनोलॉजिस्ट एवं क्रिटिकल रोग विशेषज्ञ ने कहा कि हम यह नहीं कहते कि हर चीज मुफ्त में उपलब्ध हो, लेकिन सरकार को चाहिए कि पीपीपी मॉडल पर प्राइवेट अस्पतालों से टाइ अप करके और इंश्योरेंस कंपनियों से टाइ अप करके एक नेशनल ग्रुप मेडिक्लेम पॉलिसी बने, जिसका प्रीमियम बहुत ही कम हो और जिसका कवरेज ज्यादा से ज्यादा हो। जिससे कि सामान्य बीमारियों का इलाज एवं सर्जरी आसानी से की जा सके। वहीं, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकार पूर्ण रूप से मदद करें। वहीं, हॉस्पिटल के वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर जे एस लांबा ने यह भी कहा कि प्रायः यह देखा गया है कि जो लोग चिकित्सा पर बहुत ज्यादा खर्च नहीं कर सकते, वह बीमारी होने पर ही डॉक्टर के पास जाते हैं। ऐसे में शुरूआती स्टेज पर बीमारियां पकड़ में नहीं आती हैं। अतः सरकार को चाहिए कि हर एक सरकारी अस्पताल में मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच पैकेज लागू किया जाए, जिससे 40 वर्ष से अधिक के उम्र के व्यक्ति को कराना आवश्यक हो। साथ ही निजी अस्पतालों के साथ बहुत ही कम रेट पर इसका टाइ अप किया जाए, जिसमें निजी अस्पताल भी खुशी-खुशी देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाने के लिए आगे आएं। वहीं, यशोदा हॉस्पिटल के वरिष्ठ स्वास रोग विशेषज्ञ एवं क्रिटिकल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के के पांडे ने कहा कि मोबाइल हेल्थ यूनिट सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर हर एक व्यक्ति का चेकअप करे, इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। वहीं, डॉ अर्जुन खन्ना, वरिष्ठ पल्मनोलॉजिस्ट एवं क्रिटिकल रोग विशेषज्ञ ने कहा कि चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा पर ज्यादा बजट एलोकेट किया जाना चाहिए और सरकार को चाहिए कि नए हॉस्पिटल बनाने के लिए लोन और जमीन पर ज्यादा सब्सिडी दे और यह सुनिश्चित करे कि जिनको यह लोन और सब्सिडी मिल रही है, वह कम से कम 40 प्रतिशत बिलो पावर्टी लाइन वालों के लिए निश्चित रखें, जिसका ऑडिट सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी द्वारा किया जाए। वहीं यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के कॉरपोरेट रिलेशंस विभाग के प्रमुख गौरव पांडेय ने यह भी कहा कि केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना- सीजीएचएस के रेट सन 2014 से अभी तक रिवाइज नहीं किए गए हैं। ऐसे में अस्पतालों की आर्थिक व्यवस्था में असंतुलन हो रहा है। सरकार को चाहिए कि जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है और हर चीजों के रेट बढ़ रहे हैं, सरकारी तनख्वाह भी बढ़ रही है, ऐसे में केवल डॉक्टरों और हॉस्पिटलों के साथ रेट ना बढ़ाना उचित नहीं है, विशेषकर बड़े शहरों में। वहीं, दूसरी तरफ हम देखते हैं कि सरकारी अधिकारी हवाई जहाज और पांच सितारा होटलों में रुकते हैं और यदि उनका वह खर्चा देख लें तो आप हतप्रभ रह जाएंगे। लेकिन अस्पतालों के ऊपर खर्च करने के लिए उनके इलाज के रेट इतने कम रखे गए हैं, जो अब छोटे शहर के अस्पतालों में भी वह रेट उपलब्ध नहीं है। उदाहरण के तौर पर अगर हम बात कर लें तो एक सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर को दिखाने के लिए आज 500 से 1000 रुपए की जरूरत पड़ती है, लेकिन सीजीएचएस का यह रेट मात्र ?150 है। वहीं, डॉक्टरों ने दवाइयों के बढ़ते दामों को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि फार्मा कंपनियों द्वारा दवाइयों के ऊपर लिखे गए एमआरपी और होलसेल के प्राइस में बहुत अंतर है, जिसका लाभ जनता को मिलना चाहिए। क्योंकि हेल्थ केयर लग्जरी नहीं है बल्कि यह एक अनिवार्य आवश्यकता है। कई बार तो यह प्राण रक्षा के लिए नितांत आवश्यक हो जाती हैं। ऐसे में सरकार को और फार्मा कंपनियों को चाहिए कि कम से कम प्रॉफिट मार्जिन पर दवाइयों को उपलब्ध कराया जाए, जिससे कि जनता को लाभ मिल सके। डॉक्टरों ने इस बात पर भी बल दिया कि हम आज बड़े बड़े धार्मिक स्थलों को बनाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम यह नहीं कहते कि यह गलत है। लेकिन साथ ही हमें यह भी सोचना चाहिए कि देश की बढ़ती हुई जनसंख्या के अनुसार हमें हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेजेज का भी निर्माण करना चाहिए।

# आम आदमी को राहत नहीं तो कोई अतिरिक्त भार भी नहीं

-योगेश कुमार गोयल-

**इस बार** के बजट से लोगों की उम्मीदें इसलिए भी ज्यादा थी क्योंकि पांच राज्यों में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो रही है और इसलिए माना जा रहा था कि बजट पर कहीं न कहीं चुनावी छाप अवश्य दिखाई देगी लेकिन वास्तव में ऐसा कुछ नहीं हुआ। सबसे लंबा बजट भाषण देने, परम्परा में बदलाव और पेपरलेस बजट जैसे कई रिकॉर्ड कायम करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए एक फरवरी को अपना चौथा आम बजट पेश किया। यह बजट मोदी सरकार का दसवां और केन्द्र सरकार के मौजूदा कार्यकाल का चौथा बजट था। इस बजट पर पूरे देश की नजरें केन्द्रित थी क्योंकि आम आदमी को इस बजट से ढ़ेर सारी उम्मीदें थी। दरअसल माना जा रहा था कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बजट में आम जनता के लिए राहतों का पिटारा खोला जाएगा लेकिन आमजन को बजट से निराशा ही हाथ लगी है। हालांकि बजट में रेलवे से लेकर कृषि तथा सड़क-परिवहन से लेकर रक्षा क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं लेकिन आम लोगों के हाथ कुछ खास नहीं आया है। इस बजट में युवाओं के लिए 60 लाख नौकरियों के लिए अवसर तैयार करने का वादा तो किया गया है लेकिन बेरोजगारी तथा महंगाई को लेकर कोई ठोस घोषणा नजर नहीं आती। सत्तारूढ़ दल से जुड़े लोग जहां इसे ह्यआत्मनिर्भर भारत का बजटह्ल करार दे रहे हैं और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट को अमृत काल के अगले 25 वर्षों का ब्लू प्रिंट बताया है, वहीं समूचा विपक्ष आम बजट की आलोचना करते हुए इसे बेहद निराशाजनक और शून्य बजट करार दे रहा है। हालांकि कुछ आर्थिक जानकारों का यही मानना है कुल मिलाकर यह एक संतुलित बजट है। इस बार के बजट से लोगों की उम्मीदें इसलिए भी ज्यादा थी क्योंकि पांच राज्यों में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो रही है और इसलिए माना जा रहा था कि बजट पर कहीं न कहीं चुनावी छाप अवश्य दिखाई देगी लेकिन वास्तव में ऐसा कुछ नहीं हुआ। दरअसल गत वर्ष पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के चुनावों से पहले पेश बजट में कई बड़ी-बड़ी परियोजनाओं की घोषणा हुई थी। वैसे जानकारों का मानना है कि चूंकि विगत डेढ़ दशकों में बजट पेश करने के बाद कुल 42 बार राज्यों के चुनाव हुए लेकिन हर बार सत्तारूढ़ दल को बजट में लोकलुभावन घोषणाएं करने के बाद भी चुनावों में उसका लाभ नहीं मिला। संभवतः इसी को देखते हुए इस बार के बजट में आसन्न विधानसभा चुनावों की छाया नहीं दिखाई दी। पिछले 15 वर्षों में बजट के बाद उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, पुडुचेरी, मणिपुर, गोवा, उड़ीसा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश इत्यादि राज्यों में चुनाव हुए लेकिन उनमें से मात्र 13 चुनावों में ही सत्तारूढ़ दल को बजट की घोषणाओं का लाभ मिला जबकि 11 बार चुनाव पर बजट का कोई असर ही नहीं दिखा और 18 चुनावों में तो बजटीय घोषणाओं के बावजूद सत्तारूढ़ दल को नुकसान झेलना पड़ा। उन 18 चुनावों में से 15 बार कांग्रेस को और 3 बार भाजपा को नुकसान भुगतना पड़ा। इसी प्रकार जिन 13 चुनावों में सत्तारूढ़ दल को लाभ मिला, उनमें 9 बार भाजपा को और 4 बार कांग्रेस को बजट में लोकलुभावन घोषणाओं का लाभ मिला। बजट पेश होने के बाद कुछ सामान महंगा हो जाएगा तो कुछ सस्ता भी होगा। प्रस्तावित आयात शुल्क में वृद्धि से कई चीजें महंगी होने से उसका सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा। महंगे होने वालों सामानों में विदेशी छाता, कैपिटल गुड्स, बिना ब्लेंडिंग वाले फ्यूल, स्मार्ट मीटर, कृत्रिम आभूषण, सौर सेल, सौर मॉड्यूल, हेडफोन, ईयरफोन, लाउडस्पीकर, एक्स-रे मशीन, इलैक्ट्रॉनिक खिलौनों के पुर्जे इत्यादि कई वस्तुएं शामिल हैं। सस्ता होने वाले सामान में विदेश से आने वाली मशीनें, कपड़ा, चमड़े का सामान, जूते-चप्पल, मोबाइल फोन चार्जर, मोबाइल फोन के लिए कैमरा लेंस, हीरे के आभूषण, पैकेजिंग के डिब्बे, कोको बीन्स, मिथाइल अल्कोहल, एसिटिक एसिड, खेती के सामान सस्ते होंगे। कटे और पॉलिश हीरे तथा रत्नों पर कस्टम ड्यूटी घटाकर पांच फीसदी की जाएगी। बजट में पहली बार बैंकिंग पोस्ट ऑफिस में डिजिटल सेवाओं, डिजिटल करेंसी, डिजिटल एजुकेशन, ई-पासपोर्ट, पेपरलेस ई-बिल, किसानों के लिए डिजिटल सेवाएं, रेलवे में ह्यएक स्टेशन-एक उत्पादह्ल अवधारणा, गंगा नदी के किनारे पांच किलोमीटर चौड़े कॉरीडोर में स्थित किसानों की भूमि पर विशेष ध्यान, नेशनल टेलीमेंटल हैल्थ प्रोग्राम, नेशनल डिजिटल हैल्थ इको-सिस्टम, 5जी मोबाइल सेवाएं, राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम, शहरों में ई वाहनों के लिए चार्जिंग सेंटर, ग्रामीण इलाकों में सस्ती ब्रॉडबैंड सेवा जैसी कई महत्वपूर्ण सेवाओं का जिक्र हुआ है। आने वाले समय में करीब 25 हजार किलोमीटर का हाईवे तैयार करने और आगामी तीन वर्षों में 400 नई वंदेभारत ट्रेनें तैयार करने की घोषणाएं भी बजट में हुई हैं। आम बजट में सरकार द्वारा 7.5 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है, जो आगामी वित्त वर्ष में जीडीपी का 2.9 फीसदी होगा। बजट में वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक विकास 9.2 फीसदी रहने की उम्मीद जताई गई है। निवेश को बढ़ावा देने के लिए वित्त वर्ष में राज्यों को एक लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने और राज्यों को 2022-23 में चार फीसदी तक राजकोषीय घाटे की अनुमति की बात कही गई है। बजट में वित्त वर्ष 2022-23 में कुल खर्च 39.45 ट्रिलियन रुपये होने तथा राजस्व घाटा जीडीपी का 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है।

# सेवा की भूमिका में बदलाव....? : पहले प्रथम जनसेवक.... अब प्रथम सुधारक....?

-ओमप्रकाश मेहता-

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र दामोदर दास मोदी ने अपने अब तक के नब्बे मासी शासनकाल में समय-समय पर अपनी सेवा की भूमिकाओं में बदलाव किया है, अपने पहले प्रधानमंत्रित्वकाल में जहां उन्होंने ह्यह्यप्रथम जनसेवकह्लह्ल के रूप में भारत के विदेशी सम्बंधों पर विशेष ध्यान दिया, वहीं अब अपने दूसरे शासनकाल के अंतिम सवा दो साल की अवधि के लिए ह्यप्रथम सुधारकह्ल की सेवा भूमिका को अंगीकार किया है। अपनी प्रथम सेवक की भूमिका के साथ उन्होंने कितना न्याय किया, यह तो फिलहाल यह देश क्या वे स्वयं बताने की स्थिति में नहीं है और अब अपनी बदलती हुई, सेवाभावना में किस सीमा तक ह्यसुधारकह्ल सिद्ध होते है, यह भविष्य के गर्भ में है। क्योंकि उनकी सरकार यह मानती है कि आजादी से अब तक के पचहत्तर सालों में देश में इतनी गलतियां की गई है कि उन्हें प्रथम सुधारक जी अगले कुछ शेष महीनों में सुधार पायेगें, इसके प्रति वे स्वयं आशंकित है? और इन तमाम गलतियों को गिनाने वालों की आज कोई कमी नहीं है, जिसकी शुरूआत वे भारत के विभाजन से कर रहे हैं, क्या माननीय प्रधानमंत्री जी अपने कथित संरक्षक संगठन के प्रमुख की भावना का आदर कर गलतियों में सुधार की शुरूआत इसी गलती को सुधारकर अर्थात पुनः अखण्ड भारत की कल्पना को साकार कर करेगें? ....किंतु सबसे बड़ा आज का सवाल यही है कि क्या अब फिर से भारत-पाक को एक किया जा सकता है? जिसका स्वप्न संघ प्रमुख देख रहे हैं? और यदि संघ प्रमुख तत्कालीन ब्रिटिश शासन को इस विभाजन का दोषी मानते है तो फिर पिछले पचहत्तर सालों में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जैसे विचारक व देशभक्त प्रधानमंत्रियों ने इस गलती को सुधारने का प्रयास क्यों नहीं



किया? और अब यही अपेक्षा मोदी जी से क्यों नहीं की जा रही? ....खैर, अभी तो हमारे ये आधुनिक भाग्यविधाता यही तय नहीं कर पा रहे है कि वे अखण्ड भारत चाहते है या हिन्दू राष्ट्र? और हिन्दू राष्ट्र के पीछे इनका मंतव्य क्या है? क्या भारत में केवल हिन्दू रहेगा? या वे भारत-पाक का फिरसे एकीकरण कर अखण्ड भारत देखना चाहते है?

अब मौजूदा ह्यनए सुधारकह्ल महोदय कहां-कहां कितना सुधार करते है और पूर्व सरकारों की कितनी गलतियों को सुधारते है? यह तो फिलहाल बताना हर किसी के लिए मुश्किल है किंतु यह सही है कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने चाहे किसी भी मकसद से हो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की सवा सौवीं जयंति पर याद कर दिल्ली के प्रसिद्ध इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा स्थापित करने का फैसला लिया और पूर्व सरकारों की गलतियां सुधारने का श्रीगणेश किया, यही क्या कह है, इसके साथ ही प्रधानमंत्री जी ने गाँधी जी की प्रिय धुन ह्यह्यअबाईड विथ मीह्लह्ल को गणतंत्र दिवस की शानदार ह्यह्यह्यबीटिंग रिट्रीटह्लह्लह्ल से हटाकर कौनसी व किसकी भावना में सुधार किया? यह समझ से परे है?

वैसे आज से ठीक एक साल पहले गणतंत्र दिवस पर हमारे राष्ट्र ध्वज तिरंगे का जो सार्वजनिक रूप से अपमान हुआ था, वह भी भुलाया नहीं जा सकता, इसलिए इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर केन्द्र सरकार को विशेष रूप से सतर्क रहना होगा। हाँ.... तो चर्चा सुधारक श्रृंखला की चल रही थी, आज नेहरू के जमाने के पंचशील सिद्धांत में नहीं है, उन्ही के तहत ह्यधर्म निरपेक्षह्ल भारत की जो कल्पना की गई थी, वह भी अब धुमिल हो चुकी है क्योंकि अब लगभग सभी राजनीति दल धर्म आधारित हो गए है, जिनमें प्रमुख भारतीय जनता पार्टी है जो हिन्दू राष्ट्र के नाम पर देश का पुर्नगठन करने का सपना देख रही है, नेहरूकाल के इन्हीं पंचशील सिद्धांतों की आँखों से ह्यसुखद व प्रगतिशील भारतह्ल का स्वप्न देखा गया था। इसलिए हमारे महान सुधारक प्रधानमंत्री जी ने ह्यसुधारकह्ल की भूमिका तो अब घोषित की है, वैसे वे मूल रूप से ह्यसुधारकह्ल तो मई 2014 से ही है? अब चाहे वे ह्यजनसेवकह्ल की भूमिका में सफल रहे हो या नहीं, किंतु ह्यसुधारकह्ल की भूमिका में जरूर सफल सिद्ध होगें, ऐसी हर कहीं उम्मीद की जा रही है साथ ही यह उनसे अपेक्षा भी की जारही है कि वे देश की शासन व चुनाव प्रणाली में भी सुधार लाने का प्रयास करेगें और जो अब तक महंगाई, बैरोजगारी जैसी ज्वलंत समस्याओं को दूर करने के नाम पर वोट मांगे जाने की परम्परा रही है।

# एमएसपी का मुद्दा

-सिद्धार्थ शंकर-

**केंद्र सरकार** ने विधानसभा चुनावों के बाद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कमेटी बनाने की घोषणा की है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा को बताया कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद एमएसपी पर एक समिति की घोषणा की जाएगी। उन्होंने यह दोहराया कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की घोषणा करते हुए कहा था कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी के लिए किसानों की मांग पर चर्चा करने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। तोमर ने कहा, पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री ने फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती और एमएसपी को प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए समिति के गठन की घोषणा की है। सरकार पीएम द्वारा की गई घोषणा के लिए प्रतिबद्ध है। मामला मंत्रालय के विचाराधीन है और समिति की घोषणा विधानसभा चुनाव के बाद की जाएगी। एमएसपी की मांग को लेकर किसानों ने एक साल लंबा आंदोलन चलाया था और अब एमएसपी की मांग पूरी न होने को लेकर फिर से आंदोलन की बात कर रहे हैं। मगर अब कृषि मंत्री के ऐलान के बाद एमएसपी का मुद्दा पीछे छूटेगा और चुनाव के बाद किसानों की वर्षों पुरानी मांग का समाधान हो जाएगा। देखा जाए तो किसानों की यह मांग कम जटिल मुद्दा नहीं है। अगर मामला आसान होता तो तीनों कृषि कानून वापस लेने की घोषणा के साथ ही सरकार एमएसपी पर भी कोई फैसला कर सकती थी। इससे समझा जा सकता है कि एमएसपी को लेकर सरकार कितनी दुविधा में होगी। दरअसल, एमएसपी का मसला ऐसा है जिस पर कृषि विशेषज्ञ और अर्थशास्त्रियों के बीच भी आमराय आसानी से नहीं बनती दिखती। जहां एक वर्ग का मानना है कि एमएसपी कानून बनने से ही छोटे किसानों को उपज का लाभ मिल पाएगा, वहीं ऐसा नहीं मानने वाला वर्ग कहीं ज्यादा बड़ा है। जाहिर है, एमएसपी का मुद्दा आसानी से नहीं हल नहीं होने वाला। सरकार के सामने व्यावहारिक समस्या यह है कि अगर एमएसपी कानून बन गया तो उसके लिए किसानों की उपज खरीदने की मजबूरी हो जाएगी। यह तर्क भी दिया जा रहा है कि एमएसपी कानून बन जाने के बाद अगर सरकार ने व्यापारियों को तय दाम पर उपज खरीदने के लिए मजबूर किया तो व्यापारी कम दाम पर आयात करने जैसा कदम उठा सकते हैं। संकट यही है कि जब सरकार पूरी उपज खरीद नहीं सकती, व्यापारी निर्धारित एमएसपी पर उपज खरीदने से बचेंगे, तो किसान करेगा क्या?

हालांकि एमएसपी की व्यवस्था देश में छठे दशक के दौरान खाद्यान्न संकट के दौरान शुरू की गई थी, ताकि सरकार किसानों से उपज खरीदे और भंडार भरे। यह किसानों के हित के लिए ही किया गया था। पर आज सरकारी गोदाम गेहूं, चावल आदि से अटे पड़े होने का दावा किया जा रहा है। बात यहीं खत्म नहीं होती। विश्व व्यापार संगठन खाद्यान्न खरीद पर सब्सिडी का विरोध करता रहा है।

# प्रेम पथिक वंसत को भुला दिया रे

-विनोद तकिया वाला-

**भारत** को पर्व त्योहारो का देश कहा गया है।यहाँ की संस्कृति - सभ्यता ही विश्व के मानचित्र में हमारी पहचान है। लेकिन दुःख की बात यह है कि इस भौतिक वादी युग में आज मानव अपने भोग विलास इतना लिप्त हो गया है कि उसे पता ही नही है कि उसके जीवन का लक्ष्य क्या है।आज उसके पास समय नही है।विगत वर्षो में प्रकृति ने मानव को उसके जीवन के वास्तविक जीवन से परिचय वैश्विक महामारी कोरोना संकट काल में कराया दिया है।

वसंत ऋतु का आगमन हो चुका है।वसंत के स्पर्श मात्र से प्रकृति पुल्लकित व पल्लवित हो गई है । प्रकृति ने अपना श्रंगार किया है । खेतो में खड़ी सरसों के लहराते पीले फूलों ने वसंत बयारों के साथ नव यौवनाओं की तरह अठ खेलियाँ कर रही है।बागों में आम के पेड़ो पर नव मंजरी की मन मोहक मादकता की सुगंध से जग जाहिर हो गया है कि ऋत राज का आगमन हो चुका है।ऋतराज वसंत अपने साथ प्राकृतिक आनंद लेने की सुःखद सौगात लेकर आपके घर आँगन में अपनी उपस्थित दर्ज करा दी है।जिस की चर्चा गाँव में बुजुर्गों के चौपाल,पनघट पर पन हारियों की घूंघट के अन्दर से निकलती विरह की गीतों सुनाई पड़ने लगी है।बसंत आगमन की खुशी में बाग -बगीचे व उपवन में रंग बिरंगे सुमन की सुंगध चहुं दिसायें महक उठी है,चिड़ियाँ चहकने लगी है।प्रकृति का पराग पर्यावरण में इस कदर छलका है कि देश का सम्पूर्ण परिवेश आनंदित हो गया है।सारे जहान में सरसता ही सरसता झलकता है ,किन्तु आज प्रातः काल से आकाश घने काले बादल के आगोश में भगवान भुवन भास्कार छिपा है।मै अपनी विस्तर पर लेटा ही था,तभी मेरी नजर अनायास ही समाने की दीवार पर टंगे हुए पर पड़ते ही पता चला कि आज हिन्दी पंचाग के अनुसार माघ मास का आगमन हो चुका है जो कि बसंत ऋतु का आगमन की शुभ सन्देश दे रहा है ।वसंत के मनमोहक मादकता की महक से भरे वातावरण में प्रकृति रानी एक नव नवेली दुल्हन की तरह सातों श्रृंगार करने के लिए तत्पर है ' वही ओर पर्वत राज हिमालय के स्वेत हिम खण्डों से सर्द हवाओं का हाड़ कप कपाने वाली सर्दी हम कहानी सम्राट मंशी प्रेमचंद जी द्वारा लिखित कहानी 'पुस की रात 'की यादें ताजा कर रही है।

आज के भौतिकवादी युग में वसंत की यादें धूमिल सी हो गई है । खासकर विकाश के नाम पर जगह - जगह विकाश काय कंकरीट के जंगल गगन चुम्वी इमारतों में रहने वाले समाज के सभ्य मानव मशीनों की तरह अपने जीवन जीने को मजबूर है।

# कच्चा या अधपका न खाएं, शरीर में जमा हो जाएंगे जहरीले तत्व

-विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन-

**सेंटर फॉर** डिजीज कंट्रोल ऐंड प्रिवेंशन के अनुसार, पशु आधारित कच्चे खाद्य पदार्थों के दूषित होने की सबसे अधिक संभावना है। इसका मतलब यह है कि अगर आप कच्चा या अधपका मांस और चिकन, कच्चे या हल्के पके हुए अंडे, कच्चा दूध और कच्ची मछली का सेवन करते हैं, तो आपको फूड पॉइजनिंग का खतरा हो सकता है।

बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहतर खान-पान जरूरी है। खाने में किसी भी तरह की लापरवाही आपकी सेहत के लिए भारी पड़ सकती है। लोग जाने-अनजाने ऐसी चीजों का सेवन करते रहते हैं, जो शरीर में विषाक्त पदार्थ जमा करती रहती हैं। सभी चीजों को बनाने और खाने का तरीका अलग-अलग होता है। ऐसा माना जाता है कि खाने की कुछ चीजों में ऐसे जहरीले तत्व पाए जाते हैं जिनसे विभिन्न तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इन चीजों में हानिकारक कीटाणु हो सकते हैं, जो भोजन के दूषित करने के साथ आपको बहुत बीमार कर सकते हैं।

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ऐंड प्रिवेंशन के अनुसार, पशु आधारित कच्चे खाद्य पदार्थों के दूषित होने की सबसे अधिक संभावना है। इसका मतलब यह है कि अगर आप कच्चा या अधपका मांस और चिकन, कच्चे या हल्के पके हुए अंडे, कच्चा दूध और कच्ची मछली का सेवन करते हैं, तो आपको फूड पॉइजनिंग का खतरा हो सकता है।

सीडीसी का मानना है कि फल और सब्जियां भी दूषित हो सकती हैं। खाने की कुछ चीजें आपको बीमार कर सकती हैं। कोई भी खाने की चीज खेत में, प्रोसेसिंग के दौरान फूड प्रोडक्शन चेन के दौरान दूषित हो सकती है। चलिए जानते हैं कि वो कौन से खाद्य पदार्थ हैं, जो विषाक्तता से अधिक जुड़े हुए हैं और उनसे बीमार होने से कैसे बचा जा सकता है।

चिकन या लाल मांस- कच्चा और अधपका मांस या चिकन आपको बीमार कर सकते हैं। अधिकांश कच्चे मुर्गे में कैम्पिलोबैक्टर होता है। इसमें साल्मोनेला, क्लोस्ट्रीडियम परफिरिंगेंस और अन्य बैक्टीरिया भी हो सकते हैं। कच्चे मांस में साल्मोनेला, ई. कोलाई, यर्सिनिया और अन्य बैक्टीरिया हो सकते हैं। इन्हें बनाने पहले आपको अच्छी तरह धोना चाहिए और पकाते समय कच्चा नहीं छोड़ना चाहिए।

फल और सब्जियां- ताजे फल और सब्जियां खाने से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं, लेकिन कभी-कभी कच्चे फल और सब्जियां साल्मोनेला, ई कोलाई और लिस्टेरिया जैसे हानिकारक कीटाणुओं से खाद्य विषाक्तता का कारण बन सकती हैं। ताजे फल और सब्जियां खेत से घर तक की यात्रा के दौरान कहीं भी दूषित हो सकती हैं। इन्हें पकाने से पहले अच्छी तरह धोएं और अधपका न छोड़ें।

कच्चा दूध- आप कच्चे (अनपास्चराइज्ड) दूध और उससे बने उत्पादों से बहुत बीमार हो सकते हैं. इन चीजों में सॉफ्ट चीज, आइसक्रीम और दही भी शामिल हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि कच्चा दूध हानिकारक कीटाणुओं से भरा हो सकता है, जिनमें कैम्पिलोबैक्टर, क्रिप्टोस्पोरिडियम, ई. कोलाई, लिस्टेरिया और साल्मोनेला शामिल हैं। आपको कच्चा दूध पीने से बचना चाहिए।

अंडे- अंडेमें साल्मोनेला नामक एक जर्म हो सकता है जो आपको बीमार कर सकता है। भले ही अंडा साफ और बिना फटा दिखे लेकिन ऐसा हो सकता है। कच्चे या अधपके अंडे से रेसिपी तैयार करते समय पास्चुरीकृत अंडे और अंडे के उत्पादों का उपयोग करें। अंडे को तब तक पकाएं जब तक कि जर्दी और सफेद हिस्सा सख्त न हो जाएं।

आटा- आटा आमतौर पर एक कच्चा कृषि उत्पाद है जिसका बैक्टीरिया को मारने के लिए कोई ट्रीटमेंट नहीं किया जाता है। यही वजह है कि हानिकारक कीटाणु अनाज को दूषित कर सकते हैं। आटे से बने भोजन को पकाने से जीवाणु मर जाते हैं। इसलिए आपको कभी भी कच्चा आटा नहीं चखना चाहिए। कच्ची रोटी खाने से भी खतरा बढ़ सकता है।

इसके अलावा सामूहिक भोज में परोसी जानी वाली सलाद भी बहुत नुकसानदायक होती हैं कारण उनका रख रखाव में स्वच्छता का आभाव होता हैं .इसके लिए ना भी खाये वह लाभकारी होता हैं।

# खेल संदेश

## 'कोविड-19 चुनौती के बावजूद भारत बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन कर सकता है'

**पुणे।** टाटा ओपन महाराष्ट्र के आयोजकों ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ियों के लिए कड़ा जैविक रूप से सुरक्षित माहौल, अधिकारियों और लाइनमैन के लिए दो अलग होटल, 10 दिन में 600 से अधिक परीक्षण और कर्मचारियों की संख्या में भारी कटौती के कारण वे इस टेनिस टूनार्मेंट का सफल आयोजन कर पाए। मुख्य ड्रॉ में हिस्सा लेने वाला कोई खिलाड़ी संक्रमित नहीं हुआ और इस एटीपी 250 टूनार्मेंट का कोई मुकाबला रद्द नहीं हुआ जो देश का सबसे बड़ा टेनिस टूनार्मेंट है। आयोजकों ने कहा कि इंडिया ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के हटने और जिस तरह भारतीय महिला फुटबॉल टीम एशियाई कप से बाहर होने को बाध्य हुई उससे वे निश्चित तौर पर दबाव में थे। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ (एमएसएलटीए) के सचिव सुंदर अय्यर ने पीटीआई को बताया, इस तरह की घटनाएं होती हैं और हम अच्छी तरह आयोजन करने को लेकर दबाव में थे। लेकिन हम आयोजन को लेकर प्रतिबद्ध थे। लेकिन अब हमने घटनामुक्त और सफल टूनार्मेंट की मेजबानी करके दुनिया को दिखाया और आलोचकों को गलत साबित किया जो अधिकतर समय भारत को कमतर आंकते हैं। उन्होंने कहा, टूनार्मेंट की सफल मेजबानी से खेल प्रतियोगिताओं को दोबारा बहाल करने को लेकर दुनिया को सकारात्मक संदेश गया। हमें किसी खेल प्रतियोगिता को रद्द करने की जरूरत नहीं है, हमें बस इसके आयोजन का तरीका ढूंढना होगा। अखिल भारतीय टेनिस संघ के भी संयुक्त सचिव अय्यर ने कहा, इतना ही नहीं, बड़ा संदेश यह गया कि भारत बड़े टूनार्मेंट की मेजबानी सफलतापूर्वक कर सकता है।

## राहुल, मयंक, सैनी ने दूसरे एकदिवसीय से पहले नेट सत्र में पसीना बहाया

**अहमदाबाद।** टीम में शामिल होने के बाद पृथकवास पूरा कर चुके भारतीय उप-कप्तान लोकेश राहुल और सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले सोमवार को नेट सत्र के दौरान अभ्यास किया। यह टीम इंडिया के सदस्यों के लिए एक वैकल्पिक अभ्यास सत्र था क्योंकि टीम ने एक दिन पहले ही मैच खेला था। भारतीय दल में कोविड-19 पॉजिटिव के कुछ मामले सामने आने के बाद अग्रवाल को टीम में जोड़ा गया था। घरेलू क्रिकेट में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले के 29 वर्षीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी भी अभ्यास सत्र का हिस्सा थे। बीसीसीआई ने क्रिकेटरों की तस्वीरों के साथ ट्वीट किया, देखो यहां कौन हैं। तीनों टीम में शामिल हुए और आज अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया। भारत ने रविवार को सीमित ओवरों के नये कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में पहले एकदिवसीय में छह विकेट से जीत दर्ज की। तीन मैचों की इस श्रृंखला के दूसरे मैच में इस बात की संभावना है कि अग्रवाल रोहित के साथ पारी का आगाज करेंगे। श्रृंखला के पहले मैच में रोहित ने इशान किशन के साथ पारी का आगाज किया था।

## औली में स्कीइंग चैंपियनशिप शुरू

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले में प्रसिद्ध स्की रिजार्ट औली के बर्फ भरे ढलानों पर सोमवार से राष्ट्रीय स्कीइंग और स्नो बोर्ड चैंपियनशिप शुरू हुई। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव एसएस संधु ने इसके आयोजकों, गढ़वाल मंडल विकास निगम, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, पर्यटन और खेल संघ को चुनाव आयोग की अनुमति मिलने के बाद इतने कम समय में आयोजन का प्रबंध करने के लिए बधाई दी । इस चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक समेत 17 प्रदेशों के 200 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं ।

## एफआईएच प्रो लीग हॉकी में भारत का सामना फ्रांस से

**पोटचेफ्स्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका)** । ओलंपिक कांस्य पदक विजेता होने के कुछ अतिरिक्त दबाव के साथ भारत 2021-22 एफआईएच प्रो लीग हॉकी टूनार्मेंट में अपने अभियान की शुरूआत मंगलवार को यहां फ्रांस के खिलाफ करेगा। फ्रांस से भिड़ने के बाद मनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम बुधवार को दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। यह टूनार्मेंट भारतीय टीम का इस साल पहला प्रतिस्पर्धी टूनार्मेंट होगा। यह पूछने पर कि क्या ओलंपिक कांस्य पदक विजेता होने का खिलाड़ियों पर अतिरिक्त दबाव होगा, मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, वास्तव में कहूं तो हां, इससे थोड़ा दबाव बनता है लेकिन मुझे नहीं लगता कि अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर जो दबाव हम अपने ऊपर बनाते हैं यह उससे अधिक होता है। उन्होंने कहा, जब भी कोई टीम ओलंपिक जैसी बड़ी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करती है तो मुझे लगता है कि अन्य टीमें इस पर ध्यान देती हैं और आपको लक्ष्य बनाती हैं। इससे अतिरिक्त दबाव बनता है लेकिन मुझे लगता है कि अच्छी चीज यह है कि जब हम इस तरह की स्थिति में होते हैं तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत की रैंकिंग दोनों टीमों से कहीं बेहतर है। भारत विश्व लीग 2015 सेमीफाइनल में फ्रांस को हराने के बाद से दुनिया की 13वें नंबर की इस टीम के खिलाफ नहीं खेला है। आगामी मुकाबले से पहले भारत के दक्षिण अफ्रीका में सामंजस्य बैठाने के बारे में पूछने पर रीड ने कहा, दक्षिण अफ्रीका शानदार जगह है। हमें यहां इतने ऊंचे स्तर की प्रतियोगिता में खेलने का अधिक मौका नहीं मिलता इसलिए हमें इसे शानदार मौके की तरह देखते हैं। उन्होंने कहा, सभी खिलाड़ियों को पता है कि यहां इन टीम के खिलाफ खेलना कितना मुश्किल होने वाला है लेकिन हम नए साल की सकारात्मक शुरूआत करने को लेकर उत्सुक हैं। भारत इसके बाद 12 जनवरी को दोबारा फ्रांस से भिड़ेगा जबकि दौरे का अंत इसके अगले दिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले के साथ करेगा। टीम के कप्तान मनप्रीत ने कहा कि मैच से पहले ड्रेसिंग रूप में माहौल काफी अच्छा है और खिलाड़ी रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल के अंत में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बाद खिलाड़ी दोबारा मैदान में उतरने को लेकर रोमांचित हैं। हम अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और साल की शुरूआत में ही अच्छी लय हासिल करना चाहते हैं क्योंकि 2022 हमारे लिए बड़ा साल है। इस साल राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों का आयोजन होना है।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए कोलिंगवुड को कोच नियुक्त किया

**लंदन।** पूर्व आलराउंडर पॉल कोलिंगवुड को अगले महीने होने वाले वेस्टइंडीज के तीन टेस्ट मैच के दौरे के लिए सोमवार को इंग्लैंड टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया। सहायक कोच कोलिंगवुड क्रिस सिल्वरवुड की जगह लेंगे जिन्हें आस्ट्रेलिया में एशेज श्रृंखला में 4-0 की शर्मनाक हार के बाद पिछले हफ्ते पद से हटा दिया गया। पिछले महीने वेस्टइंडीज दौरे के दौरान इंग्लैंड की टी20 टीम का प्रभार संभालने वाले 45 साल के कोलिंगवुड अभी बारबडोस में ब्रेक पर हैं लेकिन खिलाड़ियों के 25 फरवरी को एंटीगा पहुंचने पर उनके साथ जुड़ेंगे।

# आईसीसी ने अंडर-19 विश्व कप की सफल मेजबानी के लिए सीडब्ल्यूआई का जताया आभार



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को आईसीसी अंडर 19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2022 की सफल मेजबानी के लिए क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) को धन्यवाद दिया। खेल के भविष्य के सितारों को प्रदर्शित करने वाला यह आयोजन 14 जनवरी से 5 फरवरी तक हुआ और रोमांचक और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के 48 मैचों के बाद भारत ने खिताब अपने नाम किया। चार मेजबानों गुयाना, सेंट किट्स एंड नेविस, त्रिनिदाद और टोबैगो, एंटीगुआ एंड बारबुडा में प्रतिस्पर्धा करने वाली 16 टीमों के साथ, यह आयोजन सफलतापूर्वक और सुरक्षित रूप से किया गया था, जिसमें भारत ने इंग्लैंड को हराकर रिकॉर्ड पांचवीं बार ट्रॉफी जीती थी।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी, ज्योफ एलार्डिस ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, "हम आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2022 की सफल मेजबानी से खुश हैं। ऑपरेशन का पैमाना, एक वैश्विक महामारी के दौरान चार देशों में 16 टीमों की मेजबानी करना बेहद चुनौतीपूर्ण है, लेकिन हमारे मेजबानों ने यह सुनिश्चित करने के लिए एक उत्कृष्ट काम किया कि हम खेल के भविष्य के सितारों को विश्व कप में खेलने का मौका दे सकें।"

उन्होंने कहा, "हम क्रिकेट वेस्टइंडीज, चार मेजबान देशों, खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के साथ अपना धन्यवाद साझा करते हैं। साथ ही, भारत को 2022 संस्करण जीतने के लिए बधाई, जो पूरी तरह से योग्य उपलब्धि थी।"

## वर्ष 2019 के खराब सीजन के बाद लगा कि आईपीएल कैरियर समाप्त हो जाएगा : सिराज





**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने खुलासा किया है कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के साथ 2019 के खराब सीजन के बाद उन्हें लगा था कि उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) कैरियर खत्म हो गया है। वर्ष 2019 में आरसीबी के लिए खेले गए नौ मैचों में सिराज ने सात विकेट लिए और 9.55 की इकॉनमी रेट से रन दिए। केकेआर के खिलाफ मैच में, सिराज ने 2.2 ओवर में 36 रन दिए और दो बीमर फेंकने पर उन्हें गेंदबाजी से हटा दिया गया।

सिराज ने आरसीबी पॉडकास्ट पर कहा, "2019 आरसीबी के साथ प्रदर्शन इतना खराब था कि मुझे लगा कि यह मेरे आईपीएल करियर का अंत है। लेकिन तब मुझे एहसास हुआ कि मेरे पास अभी भी उम्र है। इसलिए मैंने खुद पर थोड़ा भरोसा करने का फैसला किया और शुक्र है कि आरसीबी प्रबंधन ने भी मेरा समर्थन किया और फिर 2020 में केकेआर के खिलाफ मैच मेरे लिए जीवन बदलने वाला मैच था।" सिराज ने कहा, "जब मैंने केकेआर के खिलाफ दो बीमर फे-के, तो लोगों ने कहा, क्रिकेट छोड़ो और वापस जाओ और अपने पिता के साथ ऑटो चलाओ। इस तरह की कई टिप्पणियां थीं। लोग इस सब के पीछे संघर्ष नहीं देखते हैं। लेकिन मुझे याद है जब मुझे चुना गया तब कैसे एमएस धोनी ने मुझसे कहा कि लोगों की मत सुनो। आज आप अच्छा करते हैं तो वे आपकी प्रशंसा करेंगे और जब आप खराब प्रदर्शन करेंगे तो वही लोग आपको गाली देंगे। तो कभी इसे गंभीरता से मत लो। और हां, वही लोग जिन्होंने मुझे बार-बार ट्रोल किया, फिर कहते हैं तुम सबसे अच्छे गेंदबाज हो भाई। तो, मुझे पता है। मुझे किसी की राय नहीं चाहिए। मैं वही सिराज हूं जो मैं तब था।" .

आईपीएल 2020 में आरसीबी के लिए अच्छे प्रदर्शन के बाद सिराज को 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया था। आईपीएल 2020 में सिराज टूनार्मेंट के इतिहास में दो मेडन ओवर फेंकने वाले पहले गेंदबाज भी बने। सिराज आईपीएल 2022 के लिए आरसीबी द्वारा रिटेन किए जाने वाले तीन खिलाड़ियों में से एक हैं। अन्य दो खिलाड़ी विराट कोहली और ग्लेन मैक्सवेल हैं। आईपीएल 2022 से पहले मेगा नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होगी।

## अभिनय के अलावा खेलों के भी "भीम" थे प्रवीण कुमार



नई दिल्ली। बीआर चोपड़ा की दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले सीरियल महाभारत को कोई भला कैसे भूल सकता है। रवि चोपड़ा के निर्देशन में बने इस सीरियल का हर किरदार घर-घर लोकप्रिय था और इन्हीं किरदारों में एक किरदार भीम का था, जिसको निभाया था, प्रवीण कुमार सोबती ने, जिनका सोमवार रात 74 वर्ष की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया।प्रवीण फिल्मों में आने से पहले एक एथलीट थे और उन्होंने ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल और एशियाड में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। प्रवीण 60/70 के दशक में भारतीय एथलेटिक्स के स्टार थे। उन्होंने 1966 और 1970 के एशियाई खेलों में डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीता, जिसमें 56.76 मीटर का एशियाड रिकॉर्ड था। उन्होंने 1966 राष्ट्रमंडल खेलों और 1974 एशियाड में रजत पदक जीता था। उन्होंने 1968 के ओलंपिक और 1972 के ओलंपिक में भाग लिया। 1967 में खेल के सर्वोच्च पुरस्कार अर्जुन अवॉर्ड से उन्हें सम्मानित किया गया। पीठ में अचानक दर्द होने के कारण उन्होंने खेलों से किनारा कर लिया और बीएसएफ में डिप्टी कमांडेंट की नौकरी करने लगे। साल 1980 में उन्होने अभिनय की दुनिया में कदम रखा।

## ऑस्ट्रेलिया का पाकिस्तान आना पीसीबी के लिए एक बड़ी उपलब्धि : अकरम



**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया का पाकिस्तान दौरे के लिए सहमत होना देश के क्रिकेट बोर्ड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट, तीन वनडे और एक टी20 के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा। पहला टेस्ट 4 मार्च से रावलपिंडी में खेला जाएगा। सीबी पॉडकास्ट पर अकरम ने कहा, "ऑस्ट्रेलिया का 24 साल बाद पाकिस्तान आना पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के लिए एक उपलब्धि है। इस श्रृंखला का हमारे क्रिकेट पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे हमारे खिलाड़ियों के दृष्टिकोण और मानसिकता में सुधार होगा। अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों के लिए, इस खेल से प्यार करने और अपने करियर में अधिक से अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होने के लिए यह एक अवसर होगा।" उन्होंने आगे कहा, "ऑस्ट्रेलिया के पाकिस्तान दौरे से एक मजबूत और शक्तिशाली संदेश जाएगा कि यहां सब कुछ ठीक और सामान्य है। यह पाकिस्तान में हमारा तीसरा एचबीएल पीएसएल है और मैं विदेशी खिलाड़ियों को बताता रहता हूं कि यह सुरक्षा इसलिए की गई है क्योंकि हम बहुत सतर्क हैं और कुछ भी जोखिम नहीं लेना चाहते। विदेशी खिलाड़ी इस तर्क को समझते हैं और यहां आने और खेलने के लिए खुश हैं।"

## ऑस्ट्रेलिया को कोचिंग देने में कोई दिलचस्पी नहीं : जेसन गिलेस्पी



**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने मंगलवार को कहा कि जस्टिन लैंगर के इस्तीफे के बाद ऑस्ट्रेलिया को कोचिंग देने में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को पुरुष टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है,

"जस्टिन को उनके मौजूदा अनुबंध के लिए अल्पकालिक विस्तार की पेशकश की गई थी, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं करने का विकल्प चुना है।" गिलेस्पी ने कहा, "मैं किसी भी नौकरी के लिए खुद को तैयार नहीं कर रहा हूं, मैं दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। मुझे यहां बहुत काम करना है और मैं इसे पूरी तरह से पसंद कर रहा हूं।"

लैंगर के इस्तीफे के बारे में बात करते हुए, गिलेस्पी ने कहा, "मुझे लगता है कि हर कोई इस बात से बहुत निराश है। ईमानदारी से कहूं तो यह बहुत दिल दहला देने वाला है। जस्टिन ने खुद को बहुत अच्छी तरह से संभाला ... लेकिन मुझे लगता है कि हर किसी की राय है जो शायद अलह हो सकती है, लेकिन सीए द्वारा लैंगर मामले को थोड़ा बेहतर तरीके से संभाला जा सकता था।" उन्होंने कहा, "हम नहीं जानते कि बंद दरवाजों के पीछे क्या चल रहा है, क्या (वर्तमान) खिलाड़ी जस्टिन के पास पहुंचे हैं। मुझे केवल इतना पता है, कि लैंगर ने पिछले कई वर्षों में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा काम किया है।" लैंगर को 2018 में सैंडपेपर गेट मामले के बाद पुरुष टीम का कोच नियुक्त किया गया था। सैंडपेपर गेट मामले में डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था। लैंगर के नेतृत्व में, ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप 2021 और फिर एशेज जीतने में सफल रहा।

## पाकिस्तान दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम घोषित




**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की राष्ट्रीय चयन पैनल (एनएसपी) ने मंगलवार को पाकिस्तान दौरे के लिए 18 सदस्यीय राष्ट्रीय टेस्ट टीम की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 1998 के बाद पहली बार तीन टेस्ट, तीन एकदिवसीय और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी। टेस्ट खेलने वाली टीम और स्टाफ इस महीने के अंत में पाकिस्तान के लिए रवाना होने वाले हैं, जबकि सफेद गेंद वाले खिलाड़ियों की घोषणा अलग से की जाएगी, जो एकदिवसीय और टी-20 के लिए मध्य दौरे में शामिल होंगे। एनएसपी के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, "कई उपमहाद्वीप के दौरों और भारत में एक दिवसीय विश्व कप के साथ निकट क्षितिज पर यह सफल घरेलू एशेज श्रृंखला के बाद टीम के लिए एक बड़ी पहली चुनौती है। यह एक बहुत ही ऐतिहासिक दौरा है जिसे लंबे समय बाद तय किया गया है।" पिछले हफ्ते जस्टिन लैंगर ने ऑस्ट्रेलिया के कोच पद से इस्तीफा दे दिया था और उनकी जगह एंड्रयू मैकडोनाल्ड को अंतरिम मुख्य कोच की भूमिका सौंपी गई है।

ऑस्ट्रेलिया टेस्ट टीम इस प्रकार हैः पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर, एश्टन एगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुस्चगने, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, माइकल नेसर, मिशेल स्वेपसन, मिशेल स्टार्क।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने नोर्मा गार्डनर के निधन पर किया शोक व्यक्त

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को 92 वर्षीय नोर्मा गार्डनर (नी विल्सन) के निधन पर शोक व्यक्त किया है। 24 सितंबर, 1929 को विक्टोरिया के कोलाक में जन्मीं गार्डनर ने 1961-1963 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने छह कैच और एक स्टंपिंग की। दाएं हाथ के बल्लेबाज और विकेट कीपर, गार्डनर ने 1951/52 और 1963/64 के बीच 15 मौकों पर विक्टोरिया का प्रतिनिधित्व किया और साउथ हॉथोर्न और वाईडब्ल्यूसीए क्रिकेट क्लबों के लिए खेला। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ, निक हॉकले ने कहा, "इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं नोर्मा के परिवार के साथ-साथ क्रिकेट परिवार में उनके कई दोस्तों के साथ हैं।" उन्होंने कहा, "नोर्मा उस पीढ़ी का हिस्सा थी जिसके पास आधुनिक समय के खिलाड़ियों के लिए समर्थन या संसाधन नहीं थे; वह एक अग्रणी क्रिकेटर थीं, जिसने महिलाओं के खेल को वर्तमान तक ले आने में मदद की है। हम नोर्मा को अपना सम्मान देते हैं और खेल के सभी स्तरों में उनके योगदान को स्वीकार करते हैं।"

## आईएसएल : ईस्ट बंगाल पर जीत से ओडिशा की उम्मीदें बरकरार

**गोवा,।** ओडिशा एफसी ने सोमवार रात जीत हासिल करके हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 की शीर्ष चार टीमों के करीब पहुंचने की उम्मीदों का बरकरार रखा है। ओडिशा ने वास्को डे गामा स्थित तिलक मैदान स्टेडियम में खेले गए लीग मुकाबले में एससी ईस्ट बंगाल को 2-1 से हरा दिया।

अपनी छठी जीत से ओडिशा तालिका में आठवें से छठे स्थान पर पहुंच गई है और उसकी शीर्ष-चार में पहुंचने की उम्मीदों कायम है। कोच किनो गार्सिया की टीम 15 मैचों से 21 अंक जुटा चुकी है। वहीं, अपनी आठवीं हार के बाद ईस्ट बंगाल तालिका में 10वें स्थान पर बरकरार है। कोच मारियो रिवेरा की टीम के खाते में 16 मैचों से मात्र दस अंक हैं। मैच का पहला गोल 23वें मिनट में आया, जब जोनाथस क्रिस्टियान ने ओडिशा एफसी को 1-0 से आगे कर दिया। दाहिने फ्लैंक से बने हमले में स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर जावी हेर्नांडेज ने गेंद पास लेने के बाद ईस्ट बंगाल की डिफेंस को भेदते हुए डी-बॉक्स के अंदर घुस गए और फिर गोललाइन से गेंद को माइनस करके जोनाथस के लिए आसान सा अवसर बनाया। इस ब्राजीली फॉरवर्ड ने राइट फुटर शॉट से गेंद को गोलपोस्ट की दिशा दिखाने में कोई भी गलती नहीं की। ईस्ट बंगाल के गोलकीपर शंकर रॉय केवल गेंद को देखते रह गए।

64वें मिनट में क्रोएशियन फॉरवर्ड एंटोनिओ पेरोसेविक ने शानदार गोल करके ईस्ट बंगाल को 1-1 की बराबरी दिला दी। हाफ लाइन से क्रोएशियन सेंट्रल बैक फ्रैंजो प्रसे ने एक लम्बे थ्रू-पास से अपने हमवतन स्ट्राइकर को ढूंढा। पेरोसेविक ने बढ़िया रन बनाते हुए अपने साथ लगे डिफेंडरों को पीछे छोड़कर गेंद को नियंत्रित करके बॉक्स के अंदर से लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गोलपोस्ट की ओर भेज दिया और ओडिशा के गोलकीपर अर्शदीप सिंह अपने बायीं तरफ से गेंद को गोललाइन पार करते हुए देखने के सिवाय कुछ नहीं कर सके।

## पाकिस्तान में अहमदी समुदाय की करीब 50 कब्रों को अपवित्र किया गया : समुदाय सदस्य का दावा

**लाहौर**। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अहमदी समुदाय की एक कब्रिस्तान में करीब 50 कब्रों को पुलिस और मुस्लिम धर्मगुरुओं ने कथित तौर पर अपवित्र कर दिया है। अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संगठन के एक सदस्य ने सोमवार को यह कहा। जमात अहमदिया पंजाब के प्रवक्ता आमिर महमूद ने कहा कि लाहौर से करीब 110 किमी दूर हफीजाबाद जिले के प्रेमकोट में लोगों के एक समूह ने यह शिकायत लेकर पुलिस से संपर्क किया कि अहमदी समुदाय के कब्रिस्तान में कई कब्रों के पास लगे स्तंभों पर इस्लामी आयतें खुदी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि समूह ने धमकी दी कि अहमदी अपने घरों या कब्रों पर इस्लामी आयतें/ चिह्न नहीं प्रदर्शित कर सकते हैं। महमूद ने बताया, रविवार को, स्थानीय धर्मगुरुओं और वकीलों के साथ पुलिस अहमदी कब्रिस्तान पहुंची और 45 कब्रों के पास लगे स्तंभों को गिरा दिया। इन स्तंभों पर इस्लामी आयतें खुदी हुई थीं।

वहीं, दूसरी ओर पुलिस ने कहा कि कब्र पर से स्तंभों को वकीलों के एक समूह की अर्जी पर हटाया गया है और चेतावनी दी कि अहमदी भविष्य में इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

## दुबई प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल पर शुल्क वसूलेगा

**दुबई**। दुबई सरकार ने सोमवार को ऐलान किया कि वह शहर में प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल पर शुल्क वसूलेगी। सरकार ने कहा कि पर्यावरण संबंधी चिंता के कारण उसकी मंशा दो साल के अंदर प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल को गैरकानूनी घोषित करने की है।

सरकार द्वारा संचालित दुबई मीडिया ऑफिस से जारी एक बयान में कहा गया कि 25 फिल शुल्क (छह सेंट) एक जुलाई से लगाया जाएगा। सरकार ने कहा, संपोषणीयता अब वैश्विक स्तर पर अनिवार्य हो गया है, जिसके तहत समाज के व्यवहार को इस तरह से बदलना है कि पर्यावरण प्रदूषण में वैयक्तिक योगदान को घटाया जा सके।

सरकार ने कहा कि ऊंट और कछुए प्लास्टिक से मर रहे थे, इसलिए भी प्रतिबंध आवश्यक था। गगनचुंबी इमारतों वाले शहर में कुछ किराना स्टोर पहले से ही लोगों को खरीदारी के समय दोबारा इस्तेमाल करने योग्य बैग लाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

## इमरान खान के इस महीने के अंत में रूस की पहली यात्रा पर जाने की उम्मीद

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के इस महीने के अंत में रूस की महत्वपूर्ण यात्रा पर जाने की उम्मीद है, जो दो दशकों में किसी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की पहली मॉस्को यात्रा होगी।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने राजनयिक सूत्रों के हवाले से बताया कि खान के 23 से 26 फरवरी के बीच रूस जाने की उम्मीद है।

उनकी रूस की यात्रा चीन की उनकी यात्रा के बाद होने की उम्मीद है, जहां उन्होंने बीजिंग ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में भाग लिया और राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित शीर्ष चीनी नेतृत्व के साथ बातचीत की। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इस समारोह में शामिल हुए थे। चीन के शिनजियांग प्रांत में बीजिंग की कथित मानवाधिकार नीतियों को लेकर अमेरिका, यूरोपीय संघ और कई पश्चिमी देशों द्वारा इस कार्यक्रम का राजनयिक बहिष्कार किया गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने खान की रूस की यात्रा संबंधी खबर की पुष्टि करने से परहेज करते हुए कहा कि इसके लिए विदेश मंत्रालय से संपर्क किया जाना चाहिए।

खान की रूस यात्रा को पश्चिम के लिए एक स्पष्ट संकेत माना जा रहा है, खासकर तब जब उन्होंने अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी के बाद पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने देने के मुद्दे पर अमेरिका को स्पष्ट रूप से मना कर दिया और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जनवरी 2021 में पदभार ग्रहण करने के बाद से खान को फोन तक नहीं किया।

इस बीच, राजनयिक सूत्रों ने पुष्टि की है कि तारीखों को अंतिम रूप दे दिया गया है और अगर आखिरी मिनट में कोई बदलाव नहीं होता है तो खान तथा राष्ट्रपति पुतिन फरवरी के आखिरी सप्ताह में मिलेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया 21 फरवरी को पर्यटकों के लिए खोलेगा अंतरराष्ट्रीय सीमा

**कैनबरा**। ऑस्ट्रेलिया 21 फरवरी को पर्यटकों के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा खोलेगा, हालांकि केवल उन्हीं लोगों को देश में आने की अनुमति दी जायेगी, जो कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज ले चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने सोमवार को यह घोषणा की। उन्होंने नेशनल सिक्योरिटी कमेटी के साथ एक बैठक के बाद कहा, ह्लमुझे पता है कि पर्यटन उद्योग इसके लिए इंतजार कर रहा होगा। अगले दो हफ्तों में उन्हें (पर्यटन उद्योग) ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों का स्वागत करने का अवसर मिलेगा।" उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में 21 फरवरी से आने वाले लोगों को कोरोना वैक्सीन की दो डोज लेना अनिवार्य होगा। गौरतलब है कि श्री मॉरिसन ने गत वर्ष अक्टूबर में कहा था कि विदेशी नागरिकों के लिए ऑस्ट्रेलिया की सीमाओं को 2022 में खोला जायेगा। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया में लगभग दो वर्ष बाद पर्यटकों को आने की इजाजत मिलेगी क्योंकि कोरोना महामारी के कारण मार्च 2020 से ऑस्ट्रेलिया की सीमाओं को विदेशियों के लिए ज्यादातर बंद रखा गया है।

## कई दशकों तक महसूस किया जाएगा कोविड का प्रभाव : टेड्रोस

**जिनेवा**। वैश्विक महामारी कोविड ने जहां पूरे विश्व को प्रभावित किया है, वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने कहा कि इसका असर दशकों तक महसूस किया जाएगा। टेड्रोस ने माना कि दुनिया भर में वायरस के प्रसार की गति धीमी होने के बावजूद भी कोविड चिंताजनक है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा कि कोरोना का प्रभाव सबसे अधिक कमजोर समूहों के बीच महसूस किया जाएगा और महामारी जितनी लंबी चलेगी प्रभाव उतना ही बुरा होगा।

# अमेरिका की चेतावनी, रूस ने यूक्रेन पर हमला किया तो बंद कर देंगे गैस पाइपलाइन

**वाशिंगटन**। यूक्रेन पर रूस के हमले की आशंका के बीच अमेरिका ने चेतावनी दी है कि रूस ने यूक्रेन पर हमला किया तो जर्मनी से रूस तक जा रही नार्ड-2 गैस पाइपलाइन को बंद कर दिया जाएगा। व्हाइट हाउस में जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ विचार विमर्श के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने साझा प्रेस कांफ्रेंस में यह एलान किया। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध टालने के लिए पश्चिमी देश लगातार प्रयास कर रहे हैं। उधर, रूस यूक्रेन सीमा पर अपने सैन्य संसाधनों में लगातार वृद्धि कर रहा है। इसी मसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति से विचार विमर्श के लिए जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज अमेरिका के दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान रूस पर दबाव बनाने के लिए जर्मनी से रूस



के बीच की नार्ड-2 गैस पाइप लाइन बंद करने पर भी विचार हुआ।

जर्मनी के नियंत्रण वाली इस पाइप लाइन को लेकर बाइडन लंबे समय से विरोध जाहिर करते रहे हैं।

अब स्कोल्ज के साथ आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बाइडन ने साफ कहा है कि यदि रूसी सेना यूक्रेन की सीमा में घुसी तो एक दशक पुरानी इस पाइप लाइन को बंद कर दिया जाएगा।

उन्होंने रूस के खिलाफ जर्मनी के सहयोग पर भी जोर दिया। इस दौरान जर्मन चांसलर स्कोल्ज ने कहा कि यूक्रेन, रूस और पाबंदियों को लेकर अमेरिका व जर्मनी एक ही तरह से सोचते हैं। हालांकि उन्होंने नार्ड-2 गैस पाइप लाइन के मसले पर सीधा जवाब नहीं दिया।

# पुतिन से मिलने के बाद भी मैक्रों नहीं तोड़ पाएं रूस-यूक्रेन पर गतिरोध

**मास्को**। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के बीच मास्को में वार्ता के बाद भी रूस-यूक्रेन में जारी गतिरोध नहीं टूटा है। मैक्रों द्वारा युद्ध की आशंका खत्म करने और आपसी विश्वास पैदा करने पर पुतिन ने कहा कि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश उसकी सुरक्षा चिंताओं की अनदेखी कर रहे हैं। यूक्रेन मसले पर पुतिन से दो बार फोन पर वार्ता के बाद मैक्रों सोमवार को मास्को पहुंचे। उन्होंने पुतिन से शांति और स्थिरता की बात कही। जवाब में पुतिन ने कहा कि रूस और फ्रांस की समान चिंता है। दोनों देश सोच रहे हैं कि यूरोप की सुरक्षा को लेकर क्या होगा। यूरोप की सुरक्षा से ही रूस और फ्रांस की सुरक्षा जुड़ी हुई है। दुर्भाग्य से रूस की सुरक्षा चिंता की ओर अमेरिका और नाटो का ध्यान नहीं है।

रूस नाटो और यूरोपीय यूनियन से स्पष्ट जवाब चाहता है। वार्ता के बाद रूसी राष्ट्रपति के क्रेमलिन कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि हालात जटिल हैं। महज एक बैठक से गतिरोध खत्म नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन को नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) का सदस्य न बनाने को लेकर रूस स्पष्ट आश्वासन चाहता है। रूस इसे अपनी सुरक्षा के लिए अहम मानता है लेकिन अमेरिका और नाटो यह आश्वासन रूस को नहीं दे रहे। रूस ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन पर हमले की उसकी योजना नहीं है लेकिन उसकी सुरक्षा चिंताओं को दूर न किया गया तो वह सैन्य कार्रवाई कर सकता है। इस बीच जर्मनी ने लिथुआनिया में अपने 350 सैनिक तैनात करने का एलान किया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की वार्ता से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मैक्रों से फोन पर बात की। उन्हें आगाह किया कि पुतिन से वार्ता में विशेष सतर्कता बरती जाए। यूक्रेन को लेकर कोई ऐसा आश्वासन पुतिन को नहीं दिया जाए जिसका रूस फायदा उठा ले और क्षेत्र में नाटो की ताकत कमजोर हो।

## कोविड-19: काठमांडू में पांबदियां की जाएंगी कम, स्कूल दोबारा खुलेंगे

**काठमांडू**। नेपाल की राजाधानी काठमांडू के प्रशासन ने कोविड-19 संबंधी पाबंदियों को कम करने, स्कूलों तथा खेल स्थलों को फिर से खोलने और धीरे-धीरे शहर के जीवन को पटरी पर लाने की सोमवार को घोषणा की। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले कम होने के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण मामले बढ़ने के बाद नेपाली सरकार ने पिछले महीने कई पाबंदियां लगाई थी। स्कूल बंद कर दिए गए थे, धार्मिक त्योहारों पर रोक लगा दी गई थी और रेस्तरां में ग्राहकों की संख्या सीमित कर दी थी। काठमांडू जिला प्रशासन ने एक बयान में कहा कि वह सोमवार से सड़क यातायात पर लगी पाबंदी हटा देगा, जिसके तहत वाहनों को एक दिन छोड़कर एक दिन सम-विषय आधार पर चलने की अनुमति थी।

बयान में कहा गया कि अगले सप्ताह से स्कूल और कॉलेज में कक्षाएं आयोजित करने की अनुमति दी जाएगी। पिछले महीने से बंद सिनेमाघर, जिम और अन्य सार्वजनिक स्थलों को भी सामान्य रूप से खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। खेल स्थलों और स्टेडियम को दर्शकों की आधी क्षमता के साथ खोलने की अनुमति होगी। लोगों को अपना टीकाकरण प्रमाण पत्र हमेशा अपने पास रखना होगा और सामाजिक दूरी बनाए रखने के नियम का पालन करना होगा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नेपाल की 52 प्रतिशत आबादी का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है, जिसमें छात्र और 12 या उससे अधिक आयु के बच्चे भी शामिल हैं। नेपाल में अभी तक कोविड-19 के 10 लाख से अधिक मामले सामने आए हैं और संक्रमण से 11,814 लोगों की मौत हुई है।

## पेंग शुआइ ने कहा , नहीं लगाये थे यौन उत्पीड़न के आरोप

**बीजिंग**। चीन की टेनिस स्टार पेंग शुआइ ने फ्रांस के एक अखबार को बताया कि उन्होंने कभी चीनी अधिकारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप नहीं लगाये थे और उनकी कुशलक्षेम को लेकिन दुनिया भर में चिंता बड़ी गलतफहमी का नतीजा है।

चीन के खेल अखबार ल एक्विप में सोमवार को इंटरव्यू प्रकाशित हुआ है। अखबार ने कहा कि उसने एक दिन पहले बीजिंग के एक होटल में पेंग से एक घंटे तक बात की। चीन की ओलंपिक समिति ने यह इंटरव्यू लेने में मदद की। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने एक बयान में कहा कि आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने शनिवार को पेंग के साथ डिनर किया और उसने आईओसी सदस्य क्रिस्टी कोवेंट्री के साथ चीन और नॉर्वे का कर्लिंग मैच देखा। अखबार ने कहा कि उसे सवाल पहले ही भेजने पड़े और चीन की ओलंपिक समिति के एक अधिकारी ने दुभाषिये की भूमिका निभाई।

अखबार ने नवंबर में पेंग की उस सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में पूछा जिसमें उन्होंने चीन के पूर्व उप प्रधानमंत्री और सत्तारूढ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलितब्यूरो की स्थायी समिति के सदस्य झांग गाओली पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

उसके बाद से पेंग सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आई लेकिन सरकार द्वारा आयोजित कुछ प्रचार कार्यक्रमों में यदा कदा दिखी।

पेंग ने अखबार से कहा , यौन उत्पीड़न। मैने कभी ऐसा कुछ नहीं कहा। यह बहुत बड़ी गलतफहमी है। उस पोस्ट के अब कोई मायने नहीं निकाले जाने चाहिये।

## चंद्र नववर्ष पर कई देशों में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़े

**सिंगापुर**। कई एशियाई देशों में चंद्र नववर्ष मनाये जाने के बाद कोविड-19 के मामलों में वृद्धि हुई है। कोरोना वायरस के बहुत अधिक संक्रामक ओमिक्रोन स्वरूप के प्रसार के साथ ही आगामी सप्ताहों में संक्रमितों की संख्या बढ़ने की आशंका है। कई देशों में कोविड पाबंदियों के कारण भीड़ और लोगों के सैर-सपाटे कम होने के बाद भी कई एशियाई देशों में एक फरवरी को चंद्र नववर्ष मनाया गया। चीन में इसकी खूब धूम रहती है। हांगकांग में रिकार्ड मामले सामने आए हैं और उसकी तथाकथित कोविड बिल्कुल नहीं नीति धरी की धरी रह गयी। शहर में दो दिनों में स्थानीय संक्रमण के 300 से अधिक मामले सामने आये जो महामारी शुरू होने के बाद सर्वाधिक आंकड़ा है। प्रशासन को सभी मरीजों को अस्पतालों में भर्ती करना पड़ रहा है। हांगकांग ने खुद को चीन की कोविड बिल्कुल नहीं नीति के साथ कर लिया है जबकि कई अन्य देशों ने इस वायरस के साथ जीने का अपना रूख अपनाया है। प्रशासन उन इमारतों पर लॉकडाउन लगाता है जहां मामले अधिक होते हैं।

सिंगापुर में पिछले सप्ताह के अवकाश के बाद कोरोना वायरस के मामलों में नाटकीय वृद्धि हई और शुक्रवार को वे तीन गुना बढ़ कर 13000 तक चले गये। लेकिन पाबंदियों के चलते मामले घटे और रविवार को 7752 पर आ गये। पूरे एशिया में प्रशासन के सामने ऐसी ही स्थिति है क्योंकि आसानी से फैलने वाला ओमीक्रोन स्वरूप तेजी से पैर पसार रहा है। जापान में रविवार को करीब 90,000 नये मामले सामने आये जिनमें 17,526 मामले टोक्यो से थे। स्थानीय ओमीक्रोन संक्रमण के मामलों में कमी नहीं आ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि संक्रमण के ज्यादातर मामले बुजुर्गों में देखे जा रहे हैं। देश में कोविड रोधी टीके की बूस्टर खुराक लेने वालों की संख्या पांच फीसदी से भी कम है। इंडोनेशिया में छह जनवरी को कोविड के 533 नए मामले आए और सात लोगों की जान गई। एक माह बाद रविवार को संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या 36,057 थी और मृतक संख्या 57 थी। थाईलैंड में सोमवार को लगातार तीसरे दिन संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या 10,000 से अधिक थी। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों की संख्या कम हो रही है। मलेशिया में सोमवार को 11,034 नए मामले सामने आए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने नववर्ष आयोजन को कोविड मामलों में वृद्धि का कारण बताते हुए दावा किया कि ज्यादातर मामलों में या तो लक्षण नहीं हैं या नहीं के बराबर हैं। दक्षिण कोरिया में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने फरवरी के आखिर तक दैनिक मामले 130,000 से बढ़ कर 170,000 हो जाने की आशंका जताई है। वियतनाम में अधिकारियों ने नववर्ष के अवकाश के बाद संक्रमण के मामलो में तेज वृद्धि होने की आशंका जताई है। वहीं फिलीपीन में रविवार को संक्रमण के करीब 8,300 नए मामले सामने आए। जनवरी के मध्य में देश में दैनिक मामलों की संख्या करीब 39,000 थी।

## ओटावा पुलिस ने फ्रीडम कॉन्वॉय के दौरान सात लोगों को किया गिरफ्तार

**ओटावा**। कनाडा की राजधानी ओटावा में रविवार को फ्रीडम कॉन्वॉय प्रदर्शनों के दौरान सात लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा कई वाहन और ईंधन जब्त किये गये। पुलिस ने सोमवार को एक बयान में बताया कि रविवार सुबह एक व्यक्ति को निषिद्ध होने के बावजूद वाहन चलाने के लिए जबकि एक अन्य व्यक्ति को पुराने शहर में कारोबारी संपत्ति के नुकसान से संबंधित उपद्रव के लिए गिरफ्तार किया गया। दिन में बाद में पांच और लोगों को उपद्रवों के लिए गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने कहा, ह्लकई वाहन और ईंधन जब्त किये गये हैं तथा विभिन्न उल्लंघनों के लिए वाहन चालकों को 100 से अधिक टिकट जारी किये गये हैं। कन्फेडरेशन पार्क को पूरी तरह से साफ कर दिया गया है और बाड़ लगा दी गई है ह्व

पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन से संबंधित 60 से अधिक आपराधिक जांच चल रही है। वे मुख्य रूप से उपद्रव, चोरी, नफरत पर आधारित अपराध और संपत्ति के नुकसान के लिए हैं।

इससे पहले रविवार को, ओटावा पुलिस ने ट्विटर पर चेतावनी दी थी कि प्रदर्शनकारियों को ईंधन जैसी भौतिक सहायता देने का प्रयास करने वालों को गिरफ्तार किया जा सकता है।

ओटावा के मेयर जिम वॉटसन ने रविवार को शहर में आपातकाल की घोषणा कर दी, सीएफआरए रेडियो को बताया कि शहर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण से बाहर है।

कनाडा में कोरोना उपायों के खिलाफ विरोध की वर्तमान लहर जनवरी के अंत में शुरू हुई, जब हजारों ट्रक और अन्य प्रदर्शनकारी अमेरिका-कनाडा सीमा पार करने वाले ट्रक चालकों के लिए वैक्सीन अनिवार्य किये जाने का कड़ा विरोध व्यक्त करते हुए ओटावा में एकत्र हुए। कथित फ्रीडम कॉन्वॉय प्रदर्शन आम तौर पर शांतिपूर्ण रहे हैं।

शुक्रवार को कनाडा के ओंटारियो प्रांत के प्रीमियर डग फोर्ड ने ओटावा में प्रदर्शनों को पेशा कारार देते हुए लोगों से इसे समाप्त करने का आग्रह किया।

## ओलंपिक में नजर आई पेंग शुआइ, इंटरव्यू में नहीं दिया हर सवाल का जवाब

**बीजिंग**। चीन की टेनिस स्टार पेंग शुआइ ने सोमवार को एक नपा तुला इंटरव्यू दिया जिसमें चीन की सत्तारूढ कम्युनिस्ट पार्टी के एक सदस्य के खिलाफ लगाये गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद दुनिया भर में उसकी कुशलक्षेम को लेकर जताई जा रही चिंता को उसने बड़ी गलतफहमी का नतीजा बताया।

चीन की ओलंपिक समिति के एक अधिकारी के सामने लिये गए इस इंटरव्यू में जवाब पर फिर से सवाल करने की अनुमति नहीं थी। पेंग ने कई सवालों के जवाब नहीं दिये। फ्रांस के खेल अखबार ल एक्विप में सोमवार को इंटरव्यू प्रकाशित हुआ है। इसमें हालांकि यौन उत्पीड़न के शुरूआती आरोपों और चीन की सरकार द्वारा किसी तरह का दबाव बनाये जाने जैसे कई अहम सवालों का जवाब नहीं मिला। अखबार ने कहा कि उसने एक दिन पहले बीजिंग के एक होटल में पेंग से एक घंटे तक बात की। चीन की ओलंपिक समिति ने यह इंटरव्यू लेने में मदद की। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने एक बयान में कहा कि आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने शनिवार को पेंग के साथ डिनर किया और उसने आईओसी सदस्य क्रिस्टी कोवेंट्री के साथ चीन और नॉर्वे का कर्लिंग मैच देखा। इससे एक दिन पहले चीन के राष्ट्रपति ने बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक का उद्घाटन किया जबकि चीन के मानवाधिकार मामलों के खराब रिकॉर्ड और पेंग की स्थिति को लेकर दुनिया भर में चिंता जताई जा रही है।

## दुनियाभर में अब तक 10.05 अरब वैक्सीन की डोज दी गयी

**वाशिंगटन**। विश्वभर में कोरोना का प्रकोप जारी है तथा इस महामारी से अब तक करीब 39.50 करोड़ लोग संक्रमित हो चुके हैं जबकि संक्रमण के कारण 57.40 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच महामारी से बचाव के लिए दुनियाभर में अब तक 10.05 अरब वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के कोरोना वायरस रिसोर्स सेंटर के मुताबिक अब तक विश्वभर में कुल 10,051,126,585 कोरोना के टीके लगाये जा चुके हैं। दुनिया भर में कोरोना संक्रमण के शीर्ष दस देशों में अमेरिका पहले स्थान पर है, जहां इस महामारी से अभी तक 7.65 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और 9,02,624 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, भारत में कुल संक्रमितों की संख्या 4,22,72,014 हो गई है। कोरोना से निजात पाने वालों की संख्या 40660202 हो गई है। फिलहाल यहां 1108938 सक्रिय मामले हैं, जबकि 502874 लोगों की मौत हो चुकी है। इटली में संक्रमितों की कुल संख्या 11,621,736 तक पहुंच गयी है, जबकि देश में मृतकों का आंकड़ा 148,771 हो गया है। ब्राजील में कोरोना से अब तक 2,65,46,399 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 6,32,514 लोगों की मौत हो चुकी है। फ्रांस में कोविड-19 से 2,08,87,052 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 1,33,501 लोगों की मौत हुई है। जर्मनी में वैश्विक महामारी से अभी तक 1,1147,509 लोग प्रभावित हुए हैं। देश में मृतकों का आंकड़ा 1,18,771 तक पहुंच गया है। वहीं, ब्रिटेन में अभी तक 1,79,23,816 लोग इस महामारी से प्रभावित हो चुके हैं, जबकि 1,58,856 लोगों की इस जानलेवा वायरस से मौत हो चुकी है।

# गिलक्रिस्ट ने लैंगर को दानव के रूप में पेश करने के लिए सीए को फटकार लगाई

**सिडनी**। आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने सोमवार को क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) पर निशाना साधते हुए कहा कि बोर्ड ने पूर्व कोच जस्टिन लैंगर की छवि दानव के रूप में बनाई। वर्ष 2018 में गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण के बाद मुख्य कोच नियुक्त किए गए लैंगर ने शनिवार को अपना पद छोड़ दिया। गिलक्रिस्ट ने सेन रेडियो से कहा, मुझे अब कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोच के पद को लेकर बदलाव या विश्लेषण को लेकर कारपोरेट लोगों की बातें सुनूं।

उन्होंने कहा, इस बात को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है कि टीम के कुछ खिलाड़ियों और सहायक स्टाफ से बात की गई और वे नहीं चाहते कि जस्टिन टीम से जुड़ा रहे। कुछ लोगों ने उसकी छवि राक्षस के रूप में बनाई है, जस्टिन लैंगर ऐसा नहीं है। लैंगर के साथ खेलने वाले गिलक्रिस्ट ने कहा कि यह पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज ऐसा व्यक्ति है जो कमियों को स्वीकार करता है। उन्होंने कहा, वह यह स्वीकार करने में सबसे आगे रहेगा कि उसके अंदर कमियां हैं, उसकी कमजोरियां हैं लेकिन वह आपके साथ बैठकर और आपकी आंखों से आंखें मिलाकर आपके साथ इन पर काम करेगा। गिलक्रिस्ट ने कहा, इसलिए दानव के रूप में छवि बनाने का निजी तौर पर आप पर क्या असर होगा और इसका आपके परिवार और आपके करीबी तथा प्रियजनों पर क्या असर होगा। लैंगर के मार्गदर्शन में आस्ट्रेलिया ने पिछले साल अपना पहला विश्व टी20 खिताब जीता और इसके बाद टीम ने एशेज में भी दबदबा बनाते हुए 4-0 से जीत दर्ज की। वह मुख्य कोच की भूमिका निभाते रहना चाहते थे लेकिन कोचिंग शैली को लेकर पिछले कुछ महीनों से सीनियर खिलाड़ी उनकी शिकायत कर रहे थे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506